# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 16 नवंबर 2025

संवत 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष 11 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 67 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ मैनेजमेंट का मूलमंत्र है टीमवर्क

कार्तिक आर्यन संग जमेगी प्रतिभा रांटा की जोडी ? ◀◀ 6





झारखण्ड सरकार

GOVERNMENT OF JHARKHAND

# रजत पर्व का उत्सव

धरती आबा की जयंती एवं स्थापना दिवस




झारखण्ड 25 अनंत संभावनाओं की ओर

## आज का कार्यक्रम

### जतरा

**समय:** 11 बजे पूर्वाह्न से 01 बजे अपराह्न तक
**स्थान:** जैप - 1 ग्राउंड, डोरंडा, रांची से बिरसा मुंडा स्मृति पार्क, जेल चौक तक



### सांस्कृतिक कार्यक्रम

**समय:** 04 बजे अपराह्न से 08 बजे रात्रि तक
**स्थान:** मोरहाबादी मैदान, रांची

- रिद्म ऑफ फॉक
- शास्त्रीय नृत्य एवं समकालीन आधुनिक नृत्य
- झारखण्ड के कलाकार **टॉम मुर्मू** की प्रस्तुति
- ड्रोन शो
- बॉलीवुड प्ले बैक सिंगर **श्रीमती शिल्पा राव** एवं दल की प्रस्तुति



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR 366145(IPRD)25-26

## समाचार सार



### बाल दिवस व पंडित नेहरू की जयंती मनाई गई

**खूंटी:** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की 136वीं जयंती और बाल दिवस के अवसर पर सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में सांसद कालीचरण मुंडा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि देश की आजादी में पंडित नेहरू के योगदान को देश कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने कहा, उनके अथक प्रयास का ही नतीजा है कि आज हम स्वतंत्र भारत में जी रहे हैं। उन्होंने अग्रजों की निरंकुशता से देशवासियों को वाकिफ कराया और स्वतंत्रता का दीपक जलाकर देश को आजादी की दहलीज पर ला खड़ा किया।

सांसद कालीचरण मुंडा ने अपने संबोधन में कहा, प्रथम प्रधानमंत्री के ही अथक प्रयास का परिणाम था कि देश उन्नति की राह पर चला। 15 अगस्त 1947 को जब देश की हालत बिगड़ी हुई एवं गंभीर थी, अंग्रेजी हुकूमत ने देश को पूरी तरह से तबाह कर दिया था। उनके द्वारा किए गए कार्यों के कारण ही देश विकास की ओर अग्रसर हो सका।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव सह सांसद प्रतिनिधि पीटर मुन्डू, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, कर्रा सांसद प्रतिनिधि विक्रम नाग, शशिकांत होरो, ओबीसी जिला अध्यक्ष शहिन्द्र महतो, प्रनीत तोपनो, नगर पंचायत अध्यक्ष गुलाम गौश सहित सोहेल आन्सारी, लवकिशोर भगत, शांता खाखा, हेलेन तिड़ू, सुषमा भेंगरा, मगरीता खेस, अनीता नाग, ईन्दुअन्ना हस्सा, सोमा मुण्डा, अनमोल होरो, विपिन लुगून, नरेन्द्र वर्मा, इजरायल अन्सारी, हेरमन सोय, राम तिड्डु व अन्य उपस्थित थे।

### देश का भविष्य हैं बच्चे : सकलदीप भगत



**मुरहू:** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के शिक्षक एवं निदेशक सकलदीप भगत ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और केक काटकर किया। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में आर्यन, शिल्पा और शिवचंद ने पंडित नेहरू के जीवन और दर्शन पर प्रकाश डाला।

निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित नेहरू को बच्चों से गहरा स्नेह था, इसीलिए उन्हें बच्चे प्यार से 'चाचा नेहरू' कहते थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि बच्चे ही देश की असली ताकत और भविष्य के निर्माता हैं, और देश को बेहतर बनाने में उनकी अहम भूमिका है।

श्री भगत ने अभिभावकों से आग्रह किया कि मोबाइल के इस युग में वे अपने बच्चों के लिए पर्याप्त समय निकालें। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके खेल-कूद और अन्य गतिविधियों पर भी ध्यान देना जरूरी है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके और वे मानसिक एवं शारीरिक रूप से सुदृढ़ बन सकें।

कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका सावित्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर केंद्र के सभी छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### रांची सहित 12 जिलों में शीतलहर का अलर्ट मैक्लुस्कीगंज का पारा 6 डिग्री पहुंचा



**रांची:** मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं के कारण झारखंड में सर्दी बढ़ गई है। 16 नवंबर, रविवार को राज्य के 12 जिलों में कहीं-कहीं शीतलहर चलने की संभावना है। खासकर सुबह और शाम में पारा गिरसे की पूरी संभावना है। रांची के मैक्लुस्कीगंज का पारा शनिवार को 6 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं गुमला का न्यूनतम तापमान छह डिग्री गिरकर 6.12 डिग्री तक पहुंच गया है।

मौसम विभाग ने रविवार को शीतलहर की चेतावनी दी है। इसमें रांची, रामगढ़, बोकारो, गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी और सिमडेगा शामिल है। मौसम विभाग ने इसको लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 नवंबर को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, गुमला, खूंटी और सिमडेगा में शीतलहरी चलने की संभावना है।

### एक दिवसीय अस्मिता खेलो इंडिया महिला किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता शुरू



**रांची:** एक दिवसीय अस्मिता महिला किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय हिनू यूनाइटेड क्लब बिहारी मंडा में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि मधुकांत पाठक, महासचिव झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन ने दीप प्रज्वलित कर किया। नीरा यादव पूर्व शिक्षा मंत्री झारखंड उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित हुई। विशिष्ट अतिथि सुधीर तिवारी निर्देशक टेंडर हार्ट स्कूल एवं सुबोध सिंग गुड्डू अध्यक्ष बिहारी कल्ब प्रशांत किशोर उपस्थित थे। इस अवसर पर मधुकांत ने कहा किक बॉक्सिंग मार्शल आर्ट्स के दुनिया में काफी तेजी से बढ़ने वाला खेल है। अपनी ओर से मै पूरा सहयोग करूंगा। आयोजन रांची जिला एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ने किया। इस अवसर पर झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू ने कहा हमारा प्रयास है कि हम सभी स्कूलों में अपने किक बॉक्सिंग के खेल को बढ़ाने और अधिक लड़कियों को आत्मरक्षा का गुण सीखने का प्रयास किया जाए। खबर लिखे जाने तक प्रतियोगिता सुचारू रूप से जारी था।

झारखंड रजत जयंती पर्व

# मुख्यमंत्री ने किया 8,799 करोड़ की 1087 योजनाओं का शुभारंभ, मोरहाबादी मैदान बना ऐतिहासिक गवाह

संवाददाता



**रांची :** झारखंड स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर राजधानी रांची का मोरहाबादी मैदान रजत पर्व उत्सव का साक्षी बना। भव्य राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार और अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे राज्य को विकास और नई संभावनाओं की सौगात दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 8,799 करोड़ रुपये की 1087 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर झारखंड के अगले 25 वर्षों के लिए विकास का नया रोडमैप प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत राज्यपाल द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन के रैंप पर चलते हुए मंच पर पहुंचने का दृश्य हजारों की भीड़ के बीच आकर्षण का केंद्र रहा।

मुख्यमंत्री ने शिबू सोरेन को याद करते हुए कहा कि आज उत्सव के साथ मन में सन्नाटा भी है। अपने संबोधन में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि यह दिन दोहरा पर्व है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड का स्थापना दिवस। लेकिन इस रजत वर्ष पर पिता और आंदोलन के पुरोधा शिबू सोरेन की अनुपस्थिति उन्हें भीतर से भावुक कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड का इतिहास सिर्फ 2000 से नहीं, बल्कि सदियों के संघर्ष और बलिदानों से बना है, जिसे धरती के वीर सपूतों ने अपने खून-पसीने से सींचा।

उन्होंने कहा कि झारखंड ने देश को खनिज संपदा, जनशक्ति और प्राकृतिक संसाधनों के रूप में अमूल्य योगदान दिया है। इसलिए केंद्र सरकार को झारखंड को उसका पूरा हक और सम्मान देना चाहिए। सीएम ने युवाओं से कहा कि अगले 50 साल में झारखंड कैसा होगा, इसकी परिकल्पना और निर्माण उनकी जिम्मेदारी है। महिलाओं के उत्थान को लेकर उन्होंने बताया कि राज्य बजट का 50% महिलाओं व बालिकाओं के लिए समर्पित है। खेल, रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में तेज से सुधार किए जा रहे हैं।


राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं, बिरसा मुंडा और शिबू सोरेन को किया नमनः राज्यपाल संतोष गंगवार ने झारखंड के समृद्ध इतिहास और वीर शहीदों के योगदान को याद करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अल्प आयु में ही जनजातीय समाज की आवाज बनकर इतिहास रचा। उन्होंने शिबू सोरेन को भी महान जननेता बताते हुए कहा कि वे उनके संसदीय सहयोगी रहे हैं। राज्यपाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य और पलायन जैसी समस्याओं पर चिंता व्यक्त की लेकिन साथ ही विश्वास जताया कि झारखंड आत्मनिर्भरता और समृद्धि की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

हजारों लोगों की उपस्थिति, आसमान से पुष्पवर्षाः कार्यक्रम में मंत्रिमंडल के सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी और राज्यभर से आए हजारों लोग शामिल हुए। हेलीकॉप्टर से की गई पुष्पवर्षा ने इस रजत पर्व को और भी भव्य बना दिया।

मोरहाबादी मैदान में उमड़ी भीड़ और विकास योजनाओं की ऐतिहासिक घोषणा ने झारखंड स्थापना के 25 वर्षों को नई ऊर्जा और नई उम्मीदों के साथ यादगार बना दिया। इस अवसर पर जनजातीय पर आधारित प्रदर्शनी का राज्यपाल ओर सीएम ने उद्घाटन किया।

झारखंड हाईकोर्ट स्थापना दिवस पर भव्य समारोह

## सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने दिया न्याय की अहमियत पर जोर



**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट का 25वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत झारखंड हाईकोर्ट के रजत जयंती समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

भव्य रूप से मनाया गया 25वां स्थापना दिवसः झारखंड हाईकोर्ट की स्थापना का रजत जयंती समारोह शनिवार को हाईकोर्ट परिसर में भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का स्मरण करते हुए सभी को सत्य और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि न्याय का रोल सिर्फ विवादों का निष्पक्ष समाधान करना नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों को समानता, पारदर्शिता और जनता द्वारा न्याय पर भरोसा देना भी है। उन्होंने कहा कि समाज को सुरक्षित रखने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए न्यायालय की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

झारखंड हाईकोर्ट स्थापना दिवस में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री और सुप्रीम कोर्ट के जज (ईटीवी भारत)

सुप्रीम कोर्ट के मनोनीत चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि त्वरित न्याय के लिए अब तकनीक का इस्तेमाल करना होगा। बार और बेंच दोनों के लिए अब यह जरूरी है। संविधान और जनतांत्रिक मूल्यों पर भी गौर करना होगा। न्यायपालिका के रिक्त पदों को भरने और संसाधन उपलब्ध हो इसके लिए भी काम करना होगा। जस्टिस सूर्यकांत ने झारखंड हाईकोर्ट के रजत जयंती समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन में ये बातें कही।

बेहतरीन निर्माण है झारखंड हाईकोर्टः इस दौरान केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि झारखंड हाईकोर्ट में नई तकनीकी का इस्तेमाल हुआ है। नए भवन में सोलर पैनल सहित अन्य सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। झारखंड हाईकोर्ट में ग्रीन एनर्जी का प्रयोग देखकर केंद्रीय कानून मंत्री बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एआई तकनीक का इस्तेमाल न्यायिक प्रक्रिया में किया जा सकता है। उन्होंने राज्य में केंद्रीय न्यायाधिकरण की बेंच बनाए जाने की मांग पर भी विचार करने का आश्वासन दिया। कई राज्यों के चीफ जस्टिस हुए शामिलः स्थापना दिवस समारोह में सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट के कई न्यायाधीश/मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ अधिकारी और अन्य विशेष अतिथि भी उपस्थित थे। इस दौरान डिजिटल न्याय, सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और महिला सशक्तिकरण पर भी चर्चा हुई। समारोह के दौरान झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि समय के साथ अदालतों की जिम्मेदारियां और चुनौतियां बढ़ रही हैं, जिनके लिए सभी को तकनीकी और संवैधानिक जागरूकता जरूरी है।



### राहे,सोनाहातु में मनी शहीद बिरसा मुंडा की जयंती

**मुरीः** संयुक्त किसान मोर्चा, ट्रेड यूनियन मोर्चा झारखंड के आवाह्न व झारखंड राज्य किसान सभा के तत्वावधान में शहीद बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल नुरु, राहे,कंताटोली,सोनाहातु,बरसालडीह , बुंडू में सम्मान पूर्वक शहीद बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई एवं जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदा,सीएनटी, एसपीटी, एक्ट की रक्षा के लिए संघर्ष की शपथ ली गयी। मुख्य वक्ता के रूप में शहीद बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा कि बिरसा के रास्ते पर चलकर ही झारखंड की खुशहाली, बेहतरी, भाईचारा के सपने को पूरा किया जा सकता है । तब ही जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदा की रक्षा व लूट , भ्रष्टाचार, शोषण, का खात्मा संभव है ।

### रातू रोड सिथत डांस झारखंड में मना बाल दिवस



**रांची:** बाल दिवस के शुभ अवसर पर रातू रोड स्थित डांस झारखंड अकादमी में बच्चों के साथ-साथ चाचा नेहरू साथ ही साथ गुरु गोविंद सिंह के पुत्र को सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें याद करते हुए नमन किया। वही अकादमी में कुछ बच्चों ने डांस किया तो कुछ लोगों ने गाना गाया। डांस झारखंड समिति के संचालक राम जी ने बताया हमारे जीवन का कर्तव्य, शिक्षा, अध्ययन व अनुशासन के साथ अपने संस्कृति को भी आगे बढ़ना है । कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में बच्चे उपस्थित थे। 3 से 50 साल तक के लोगों ने रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लिया।

## धरती आबा के सपनों का झारखंड बनाना ही हमारा लक्ष्यः डॉ. प्रणव कुमार बब्बू

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं झारखण्ड स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ का पारंपरिक आयोजन



20

रांची : अधिवक्ता, भाजपा नेता एवं सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जन मंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा के सपनों का झारखण्ड बनाना ही हम सभी का लक्ष्य होना चाहिये और इसके लिये हम कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं। डॉ. बब्बू ने कहा कि बहुत अधिक त्याग, तपस्या और आंदोलन के पश्चात यह प्रदेश हमारे हाथों में आया है और इससे हमारे भावनात्मक लगाव को शब्दों में नहीं बताया जा सकता।

आज राजधानी के नामकुम प्रखण्ड के सपारोम चौक पर अवस्थित भगवान बिरसा मुण्डा की आदमकद प्रतिमा के समक्ष चाला अखड़ा में रांची रिवोल्ट जन मंच एवं स्थानीय ग्रामीणों और कलाकारों द्वारा पारंपरिक विधि-विधान के साथ बड़ाई पाहन के द्वारा आयोजित पूजन कार्यक्रम के पश्चात आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. बब्बू ने कहा कि झारखण्ड के एक-एक गांव को भगवान बिरसा के सपनों के अनुरूप ढालने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण समय में हमें धरती आबा के सिद्धांतों को अपनाते हुए नशापान एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों से बचाव करने की जरूरत है। आज आयोजित कार्यक्रम में पाहन द्वारा पारंपरिक विधि-विधान और ढ़ोल-नगाड़े के साथ भगवान बिरसा मुण्डा का पूजन किया गया और उसके पश्चात प्रसाद बाँटे गये। इस अवसर पर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं ने बड़ी संख्या में उत्साह के साथ भाग लिया। सभी ने आज के ऐतिहासिक दिन में सामूहिक रूप से संकल्प लिपा कि सपारोम एवं आसपास के अन्य गाँवों को भगवान बिरसा के सपनों के अनुरूप आदर्श गांव बनाया जायेगा। आज के आयोजन में मुख्य रूप से दिनेश सिंह मुण्डा, मुखिया नन्हें कच्छप, सीनू मुण्डा, भीम सिंह मुण्डा, मुखिया विवेक मुण्डा, रमेश सिंह मुण्डा, ग्राम प्रधान अनुज सिंह मुण्डा, मुखिया बिपिन सिंह मुण्डा, आह्लाद स्वांसी, चानू बेग सहित 21 पंचायतों के ग्राम प्रधानों ने भाग लिया।

### आर्मी पब्लिक स्कूल में कला, शिल्प और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**रांची:** आर्मी पब्लिक स्कूल रांची में बाल दिवस के अवसर पर कला, शिल्प और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष ब्रिगेडियर राजकुमार,एसएम। उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी में कक्षा प्रथम से लेकर बारहवीं तक के बच्चे ने अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। बच्चों ने विज्ञान , गणित और सामाजिक विज्ञान पर आधारित मॉडल पेश किये। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अनु की गति , जीवाणु कोशिका , ज्वालामुखी , प्राकृतिक आपदाओं , सौरमंडल और चंद्रयान-3 जैसे अनेक मॉडल बनाए। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के लिए विद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ उनकी प्रतिभा निखारने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान होता है और विद्यालय प्रयास करता है कि विद्यार्थी विज्ञान और कला के क्षेत्र में नई सोच के साथ आगे बढ़े। प्रदर्शनी में उपस्थित अभिभावकों ने छात्रों की मेहनत और नवाचार की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रचनात्मक सोच बच्चों के विकास के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्राचार्या कैप्टन गीता सिंह , शिक्षकगण और सभी सदस्य उपस्थित थे।

लॉन बॉल्स में झारखंड का धमाका

## हांगकांग इंटरनेशनल क्लासिक में सुनील बहादुर और रेशमा कुमारी क्वार्टर फाइनल में



**रांची:** अभी कुछ ही दिन पहले लॉन बॉल्स के दिग्गज खिलाड़ी दिनेश कुमार ने वर्ल्ड कप में सिल्वर मेडल जीतकर भारत का मान बढ़ाया था, और आज झारखंड के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए हांगकांग इंटरनेशनल क्लासिक लॉन बॉल्स चैंपियनशिप में पदक की उम्मीदों को मजबूत कर दिया है।

झारखंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुनील बहादुर और रेशमा कुमारी ने आज अपने-अपने वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दोनों खिलाड़ियों ने आज खेले गए सभी 3-3 मैच जीतकर अपने पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया।

सुनील बहादुर , पुरुष एकल वर्ग
रेशमा कुमारी , महिला एकल वर्ग

दोनों ने तीनों मुकाबलों में शानदार कौशल, आत्मविश्वास और निरंतरता का परिचय दिया।

अनुभव बनाम उभरती प्रतिभा

जहाँ दिनेश कुमार इस खेल को करीब 17 वर्षों से खेल रहे हैं, वहीं झारखंड की उभरती खिलाड़ी रेशमा कुमारी ने मात्र 3 वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की है। झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आरके। आनंद, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर, शेखर बोस, भारतीय बॉलिंग टीम के पूर्व प्रशिक्षक एवं वर्तमान कोच डॉ। मधुकांत पाठक, तथा झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र नाथ दुबे सहित राज्य के सभी खेल प्रेमियों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है।

रांची, रविवार, 16 नवंबर 2025
संवत 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष 11 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 67 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

4 ▶▶ मैनेजमेंट का मूलमंत्र है टीमवर्क
कार्तिक आर्यन संग जमेगी प्रतिभा रांटा की जोडी ? ◀◀ 6



# भीषण सड़क हादसा : ट्रेलर और टेंपो के बीच टक्कर में 6 श्रद्धालुओं की मौत, 14 घायल

## दर्शन के लिए सभी रामदेवरा जा रहे थे



**संवाददाता**

**जोधपुर:** जोधपुर से बालेसर के बीच रविवार सुबह बड़ा सड़क हादसा पेश आया है। यहां नेशनल हाईवे पर ट्रेलर और टेंपो के बीच टक्कर हो गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बालेसर थानाधिकारी मूलसिंह भाटी ने बताया कि नेशनल हाईवे पर खारी बेरी गांव के पास सुबह करीब 5 बजे अनाज की बोरियों से भरे ट्रेलर की भिड़ंत गुजरात से जोधपुर होते हुए रामदेवरा जा रहे श्रद्धालुओं से भरे टेंपो से हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों महिलाएं हैं, जिनके शव बालेसर अस्पताल में रखे हैं. बाकी अन्य घायलों को बालेसर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मथुरादास माथुर अस्पताल भेजा गया, जिनमें से भी तीन ने दम तोड़ दिया है।

टेंपो में सवार श्रद्धालु गुजरात के जिला बनासकांठा व धनसुरा के रहने वाले हैं, जो रामदेवरा जा रहे थे। टेंपो में 20 लोग सवार थे।

## तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर रेत से भरी ट्रैक्टर- ट्रॉली से टकराई, 5 युवकों की मौके पर ही मौत



**भोपाल :** ग्वालियर- झांसी हाइवे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें फॉर्च्यूनर कार में सवार पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना ग्वालियर के मालवा कॉलेज के सामने उस समय हुई, जब तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर रेत से भरी ट्रैक्टर- ट्रॉली से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सभी युवक घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए।

जानकारी के अनुसार फॉर्च्यूनर गाड़ी ग्वालियर की ओर जा रही थी। उसी दौरान आगे चल रही रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से अचानक उसकी टक्कर हो गई। ट्रॉली भारी होने के कारण ज्यादा नहीं खिसकी, लेकिन तेज रफ्तार कार पलभर में पूरी तरह टूट गई। हादसे की आवाज दूर तक सुनाई दी, जिसके बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।

झांसी रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। कार में फंसे युवकों को बाहर निकालने में काफी मेहनत करनी पड़ी, क्योंकि वाहन बुरी तरह दब चुका था। सभी पांच युवकों की मौत टक्कर के तुरंत बाद हो गई थी। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। हादसे के बाद हाइवे पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने ट्रैफिक जाम हटाकर यातायात बहाल कराया। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## दिल्ली- एनसीआर में लगातार बढ़ रहा है प्रदूषण, कई इलाकों में एक्यूआई 400 पार



**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली में लोगों को प्रदूषण से राहत नहीं मिलती दिख रही है। आज भी सुबह-सुबह दिल्ली की हवा काफी प्रदूषित रही। राजधानी के कई इलाकों में घने धुएं की एक परत छाई रही और दिल्ली में एक्यूआई 385 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में है। हालांकि वायु गुणवत्ता खराब होने के बावजूद लोग कर्तव्य पथ पर जॉगिंग करते हुए नजर आए। बता दें कि दिल्ली में एक्यूआई पिछले कई दिनों से बेहद खराब श्रेणी में चल रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए ग्रेप-3 भी लागू कर दिया गया है।

पूरी दिल्ली में हवा की क्वालिटी बहुत की खराब है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, राजघाट और आईटीओ की स्थिति सबसे खराब रही, जहां एक्यूआई 417 दर्ज किया गया, जो उन्हें गंभीर श्रेणी में रखता है। इसके अलावा आनंद विहार, अलीपुर और अशोक विहार में भी एक्यूआई का स्तर 400-415 के बीच दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। चांदनी चौक क्षेत्र में एक्यूआई 420 दर्ज किया गया, जबकि द्वारका में 378 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसी तरह, धौला कुआं में, वाहन घने कोहरे की परत के बीच से गुजर रहे थे और क्षेत्र का एक्यूआई 338 दर्ज किया गया।

इतना ही नहीं दिल्ली के अलावा आस-पास के शहरों में भी हवा की हालत खराब है। यहां नोएडा में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 435 पर पहुंचकर गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। इसी तरह, ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 452, गाजियाबाद में एक्यूआई 448 और गुड़गांव में एक्यूआई 377 दर्ज किया गया। कुल मिलाकर खराब हवा की वजह से पूरे दिल्ली-एनसीआर के लोगों को सांस तक लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा दिल्ली भर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) ।।। लागू किया गया है। इन उपायों का उद्देश्य निर्माण, वाहनों की आवाजाही और औद्योगिक संचालन पर कड़े प्रतिबंधों के माध्यम से उत्सर्जन को नियंत्रित करना है। ग्रेप।।। के तहत, प्रतिबंधों में अधिकांश गैर-जरूरी निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध, बीएस।।। पेट्रोल और बीएस 1 वी डीजल चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध, कक्षा 5 तक के छात्रों के लिए कक्षाओं का निलंबन और हाइब्रिड या ऑनलाइन शिक्षा की ओर रुख, गैर-स्वच्छ ईंधन पर निर्भर औद्योगिक संचालन पर प्रतिबंध और गैर-आपातकालीन डीजल जनरेटर सेट पर प्रतिबंध शामिल हैं।

## बिहार में नई सरकार की तैयारी तेज,एनडीए में मंत्रिमंडल को लेकर सहमति

### बीजेपी के कोटे से होंगे 15-16 मंत्री



**संवाददाता**

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद नई सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक एनडीए दलों के बीच मंत्रिमंडल गठन को लेकर सहमति बन गई है।

जानकारी के अनुसार नई सरकार में छह विधायकों पर एक मंत्री बनाए जाने का फार्मूला तय हुआ है। इस आधार पर जदयू के हिस्से में लगभग 14 मंत्री पद आने की संभावना है। भाजपा से 15- 16 मंत्रियों के शामिल किए जाने की चर्चा है। वहीं लोजपा (रामविलास) के कोटे से 3 मंत्री और जीतन राम मांझी व उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को एक-एक मंत्री पद मिल सकता है।

उधर मुख्यमंत्री आवास पर गतिविधियां बढ़ गई हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के लिए पहुंचे। मंत्री विजेंद्र यादव भी सीएम से मिलने पहुंचे। बताया जा रहा है कि नित्यानंद राय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चुनावी जीत की बधाई दी।

## सुकमा में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को किया ढेर, सर्च अभियान जारी

**संवाददाता**



**सुकमा:** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में चिंतागुफा और भेजी थाना क्षेत्र के बीच स्थित करीगुंडम के घने जंगलों में मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने तीन नक्सलियों को मार गिराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने तीन नक्सलियों को मार गिराया। क्षेत्र में रुक-रुककर हो रही गोलीबारी के बीच सुरक्षाबलों का अभियान अभी भी जारी है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों की टीम को सूचना मिली थी कि नक्सलियों का एक समूह करीगुंडम के जंगलों में सक्रिय है। इसी आधार पर पुलिस, डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीमों ने घेराबंदी तलाशी अभियान शुरू किया, तो नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने गोलियां चलायीं। लगभग एक घंटे चली मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। मौके से हथियार, विस्फोटक सामग्री और पिट्ठू बैग बरामद किए गए हैं।

सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने यूनीवार्ता को बताया, खुफिया सूचना पुख्ता थी, जिसके आधार पर डीआरजी की टीम ने अभियान चलाया। अब तक तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। क्षेत्र में तलाशी का कार्य जारी है और अतिरिक्त बल भी भेजा गया है। उन्होंने कहा कि शासन की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सुरक्षा और पुनर्वास के सभी प्रावधान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि भटके हुए युवा हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटें। सुरक्षा बल हर कदम पर उनके लिए सहयोग को तैयार हैं। सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान अभी भी जारी है, और क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि अभियान के अगले कुछ घंटों में स्थिति और स्पष्ट होगी।



## लालू की बेटी रोहिणी आचार्य का छलका दर्द कहा- मुझे मारने के लिए चप्पल उठाई गई

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए अपने परिवार और भाई तेजस्वी यादव के कुछ करीबी सहयोगियों पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं।

मुझे मारा-पीटा गया और घर से दूर कर दिया: रविवार को रोहिणी आचार्य ने आरोप लगाया कि उन्हें गंदी गालियां दी गईं और उन्हें मारने की कोशिश में चप्पल तक उठाई गई। उन्होंने दावा किया कि उन्हें जानबूझकर परिवार से दूर कर दिया गया और उन्हें मजबूरन अपने रोते हुए माता-पिता और बहनों को छोड़कर आना पड़ा।

एक भावुक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कल एक बेटी, एक बहन... को जलील किया गया, गंदी गालियां दी गयीं, मारने के लिए चप्पल उठाया गया... मुझसे मेरा मायका छुड़वाया गया.. मुझे अनाथ बना दिया गया, आप सब मेरे रास्ते कभी ना चलें, किसी घर में रोहिणी जैसी बेटी-बहन पैदा ना हो।'

किडनी दान पर भी विवाद: रोहिणी आचार्य, जिन्होंने अपने पिता लालू यादव को किडनी दान की थी, उन्होंने इस पर भी दर्द बयां किया। उन्होंने लिखा कि उन्हें गालियों के साथ यह भी कहा गया कि उन्होंने 'गंदी किडनी' लगवाई है और इसके लिए करोड़ों रुपये और टिकट लिए हैं।

उन्होंने विवाहित महिलाओं से अपील करते हुए कहा, 'कल मुझे गालियों के साथ बोला गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी, करोड़ों रूपए लिए, टिकट लिया तब लगवाई गंदी किडनी... सभी बहन-बेटियां अपना घर-परिवार देखें, अपने माता-पिता की परवाह किए बिना अपने बच्चे, अपना काम, अपना ससुराल देखें, सिर्फ अपने बारे में सोचें... मुझसे तो ये बड़ा गुनाह हो गया कि मैंने अपना परिवार, अपने तीनो बच्चों को नहीं देखा, किडनी देते वक्त न अपने पति, न अपने ससुराल से अनुमति ली...।'

राजद की हार के बाद की घोषणा: बिहार विधानसभा चुनाव में राजद की हार के अगले ही दिन, रोहिणी आचार्य ने हार के लिए तेजस्वी यादव के दो करीबी सहयोगियों संजय यादव और रमीज को जिम्मेदार ठहराया था। इसी दौरान उन्होंने राजनीति छोड़ने और परिवार से नाता तोड़ने का भी ऐलान कर दिया था।

## इंजेक्शन के ओवरडोज से हुई बच्चे की मौत, ग्रामीणों ने झोलाछाप डॉक्टर को किया पुलिस के हवाले



**पलामू:** जिले में इंजेक्शन के ओवरडोज से एक मासूम की मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला जिले के पांकी का है। बताया जा रहा है कि यहां 9 साल के बच्चे को बुखार होने पर परिजन उसे पांकी बाजार में क्लीनिक चलाने वाले इस्लाम अंसारी के पास लेकर गए। डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाने के बाद कुछ दवाएं दीं और खून की जांच भी कराई। रिपोर्ट में मलेरिया बताया गया और बच्चे को उसी समय घर भेज दिया गया। शाम को बच्चे की तबीयत अचानक खराब होने लगी। डॉक्टर ने स्थिति सामान्य होने की बात कही, लेकिन आधी रात को बच्चे की सांसें तेज चलने लगीं और वह बेहोश हो गया। परिजन बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने मौत की वजह दवा का ओवरडोज बताया। वहीं, पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद आरोपी डॉक्टर भागने की फिराक में था, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## उत्तर प्रदेश: सोनभद्र में खदान धंसने से दो की मौत, 15 लोगों के फंसे होने की आशंका



**एजेंसी**

**सोनभद्र :** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में पहाड़ी धंसने के कारण हुए हादसे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

वाराणसी एडीजी जोन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि एडीजी पीयूष मोर्डिया ने घटना पर तत्काल संज्ञान लिया है और वे खुद घटनास्थल का निरीक्षण करने गए। उन्होंने घटना के संबंध में मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से जानकारी ली। इसके बाद एडीजी ने अधिकारियों को राहत और बचाव अभियान को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोनभद्र जिले के ओबरा थाना क्षेत्र में यह घटना हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि बिल्ली मारकुंडी खनन के रासपहाड़ी स्थित कृष्णा माइनिंग वर्क्स के खदान में पहाड़ी के दरकने से पत्थर के नीचे कुछ लोग दब गए हैं। प्राप्त सूचना पर थाना ओबरा पुलिस की ओर से तत्काल मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य किया गया।

बताया जा रहा है कि देर रात यह हादसा हुआ। इसमें अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि लगभग 15 लोगों के फंसे होने की आशंका है। सूचना के बाद राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमें भी मौके पर मौजूद हैं और बचाव अभियान जारी है।

हादसे की सूचना के बाद रात में जिलाधिकारी बीएन सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि दबे हुए लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम मिजार्पुर से आई हैं।

इसी बीच, उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री और स्थानीय विधायक संजीव कुमार गोंड ने घटनास्थल का दौरा किया। राहत और बचाव कार्य के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि मलबे में फंसे लोगों को निकालने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।



# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार जगत में बनाएं कॅरियर

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अधिकारी का काम व्यापार का विकास और दो देशों के बीच गुड्स एंड सर्विसेज के लेन-देन और गठजोड़ को बढ़ावा देना होता है। जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहें है उस पर ग्लोबलाइजेशन का क्या प्रभाव पड़ रहा है यह भी देखना अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अधिकारी अपने क्लाइंट्स को विदेशी व्यापारों की स्टेटिस्टिक्स, भविष्य के अनुमानों और व्यापार में निवेश के विषय में जानकारी प्रदान करता है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आज के ग्लोबलाइजेशन की दुनिया में सबसे प्रमुख उद्योगों में से एक बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं या क्षेत्रों के आर-पार पूंजी, माल और सेवाओं का आदान-प्रदान करना होता है। यह करियर अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग के अंतर्गत आता है और जिस भी कैंडिडेट को बैंकिंग फील्ड में रूचि है वह इस क्षेत्र में एक अच्छा करियर बना सकते हैं।

**नेचर ऑफ़वर्क** - अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अधिकारी का काम व्यापार का विकास और दो देशों के बीच गुड्स एंड सर्विसेज के लेन-देन और गठजोड़ को बढ़ावा देना होता है। जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहें है उस पर ग्लोबलाइजेशन का क्या प्रभाव पड़ रहा है यह भी देखना अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। एक व्यापार अधिकारी अपने नीचे काम रहे लोग जो व्यापार प्रक्रिया का निरिक्षण, जांच और लेखापरीक्षा करते हैं उनकी भी देख-रेख करता है और साथ ही असिस्टेंट ट्रेड कमिश्नर्स और बंदरगाह के डायरेक्टर्स के साथ काम करता है।

**पाठ्यक्रम के बारे में** - ग्लोबल पीजी डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस एक वर्ष का कोर्स है। इसके तहत बैंकिंग ऑपरेशंस, धन प्रबंधन, ट्रेड फाइनेंस, फोरेक्स, फाइनेंस एसएमई जैसे विषय पढ़ाया व सिखाया जाता है। इस कोर्स में स्टूडेंट्स कंप्यूटर की बेसिक जानकारी के साथ, व्यापार संचार और शेयर बाज़ार में किस तरह काम होता है उसका प्रशिक्षण दिया जाता है।

**योग्यता** - स्नातक और किसी भी स्ट्रीम से अंतिम वर्ष के छात्र बैंकिंग और फाइनेंस के कोर्स में आवेदन कर सकते हैं और इंटरनेशनल ट्रेड ऑफिसर बनने की राह में अपना पहला कदम रख सकते हैं। जिन विद्यार्थी के स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत है वह भीं इस कोर्स में आसानी से आवेदन कर सकते हैं।

**अवसर** - इस कोर्स के पूरा होने के बाद कैंडिडेट बड़ी कंपनियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, आयात और निर्यात के विभागों में एक ऑफिसर के पद के लिए आवेदन कर सकता है। कैंडिडेट विदेशी मंत्रालय में भी नौकरी के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। विदेशी भाषाओँ का ज्ञान होना जरुरी नही होता पर फिर भी अगर आपको आती है है तो ये आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

**आमदनी** - अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में रूचि रखने वाले लोग इसमें अपना अच्छा भविष्य बना सकते हैं। एक इंटरनेशनल ट्रेड ऑफिसर की न्यूमतम सैलरी 40 से 50 हजार होती है और तजुर्बे के साथ साथ जिसमे इजाफा होता रहता है।



# देश-विदेश में आउटसोर्सिंग के लिए बढ़ रही है टेक्सटाइल डिजाइनरों की मांग

**काम की दृष्टि से देखें तो टेक्सटाइल उद्योग 1980 से अब तक एक लंबा सफर तय कर चुका है। तब आप या तो एक छोटे से डिजाइन स्टुडियो के लिए काम कर सकते हैं, जो उसे टेक्सटाइल मिलों को ही भेजता था या आप मिल में ही काम पा सकते हैं। चुनौती, डिजाइन की पेपर ड्राइंग तैयार करने तक ही सीमित हैं, आप नहीं जानते कि आपकी रचना किस रूप में सामने आएगी। बुनाई, रंगाई, प्रिंटिंग और कढाई जैसे कौशल से फैब्रिक को कई रूपों में गढ़ा जा सकता है। यही विविधता टेक्सटाइल डिजाइनरों को रोमांचित करती है।**

## कहां हैं केन्द्र

कॉरपोरेट ऑफिस और डिजाइनर स्टूडियो शहरों में स्थित हैं, लेकिन असल गतिविधियां तो करूर, पानीपत, कुन्नूर जैसे कस्बों में स्थित फैक्टरियों, हथकरघे और हस्तशिल्प केन्द्रों में हो रही हैं जहां परंपरागत शिल्प के अनुसार काम किया जाता है। होम फर्नीशिंग का कलेक्शन तैयार किया जाता है, वह विदेशों में लगातार बिकता है।

## बनाएं करियर

एक टेक्सटाइल डिजाइन प्रोग्राम आपको डिजाइन के तकनीकी और रचनात्मक पहलुओं में प्रशिक्षित करेगा। एक प्रतिष्ठित संस्थान से टेक्सटाइल डिजाइन प्रोग्राम पास करने वाले उम्मीदवार को पहली ही नौकरी में 20,000 से 30,000 रूपए मासिक वेतन मिल सकता है। तो पोलिटेक्निक से कोर्स करने वाला छात्र एक्सपर्ट हाउस जैसे संस्थानों में 8,000 रुपए से शुरूआत कर सकते हैं। काम की दृष्टि से देखें तो टेक्सटाइल उद्योग 1980 से अब तक एक लंबा सफर तय कर चुका है। तब आप या तो एक छोटे से डिजाइन स्टुडियो के लिए काम कर सकते हैं, जो उसे टेक्सटाइल मिलों को ही भेजता था या आप मिल में ही काम पा सकते हैं। चुनौती, डिजाइन की पेपर ड्राइंग तैयार करने तक ही सीमित हैं, आप नहीं जानते कि आपकी रचना किस रूप में सामने आएगी।

## फुलटाइम जॉब

टेक्सटाइल डिजाइन ग्रेजुएट्स, एक्सपोर्ट हाउस, बाइंग (खरीदार) हाउस, टेक्सटाइल मिल, हैंडलूम मिल में फुलटाइम नौकरी कर सकते हैं या फिर फैशन डिजाइनरों, डिजाइन स्टुडियो या बाइंग एजेंसी के लिए काम कर सकते हैं। हमें स्थानीय बाजार से फैब्रिक खरीदना पड़ता था, उसके अनुसार डिजाइन तैयार करने पडते हैं, कढाई करवानी पड़ती और कलेक्शन से मैच करते पैटर्न प्रिंट करने पडते, उसके बाद ही अच्छा उत्पाद तैयार हो पाता है।

कई एक्सपोर्ट हाउस अपने डिजाइनरों को भारत और विदेशों में डिजाइन ईवेंट्स और प्रदर्शनियों में जाने का भी अवसर देते हैं। घरेलू बाजार में टेक्सटाइल डिजाइनरों की मांग है ही, विदेशों में आउटसोर्सिंग के लिए डिजाइनरों की मांग बढ़ रही है।

## कारीगरों से संपर्क भी जरूरी

कारीगरों के साथ काम टेक्सटाइल डिजाइनरों के काम का एक अन्य पहलू है। कलाकारों से संपर्क बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है इससे समस्या सुलझने वाले अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्हें बाजार संबंधी जानकारी देना आपका भी काम है। यदि आप चुनौतियां स्वीकार नहीं करते तो डिजाइन प्रोफेशन आपके लिए है ही नहीं।

## कहां से करें कोर्स

टेक्सटाइल डिजाइन कोर्स कक्षा 12 के बाद डिजाइन संस्थानों द्वारा करवाया जाने वाला चार वर्षीय अंडरग्रेजुएट कोर्स है। चयन प्रेक्टिकल स्टुडियो टेस्ट और इंटरव्यू के जरिए होता है, डिजाइन कैरियर में आपका एप्टीट्यूड, रूचि और मोटीवेशन का स्तर आंका जाता है। फैब्रिक, शिल्प या संबंधित पहलुओं का अनुभव जरूरी है। रचनात्मकता दर्शाने के लिए आपको पोर्टफोलियो भी तैयार करना पड़ सकता है। कोर्स में पहले साल बुनियादी डिजाइन कोर्स कराया जाता है, इसके अलावा छात्र स्पेशलाइजेशन के क्षेत्रों से परिचित होते हैं। पाठ्यक्रम प्रोजेक्ट्स से जुडा होता है और टेक्सटाइल के सारे पहलू इसमें शामिल होते हैं, मसलन, वीविंग (बुनाई), प्रिंटिंग, रंगाई और विभिन्न उपयोगों के लिए फैब्रिक तैयार करना। स्टुडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम भी समृद्ध अनुभव करवाने वाले होते हैं।

## पीजी के लिए योग्यता

आपने किसी संबंधित स्ट्रीम से ग्रेजुएशन किया है, तो टेक्सटाइल का ज्ञान अर्जित करने के लिए पीजी कर सकते हैं। एनआईडी में पीजी प्रोग्राम के लिए योग्यताएं हैं-बीएफए, डिजाइन डिग्री इन टेक्सटाइल, निटवियर या फैशन, टेक्सटाइल्स के साथ होम साइंस, इंटीरियर डिजाइन एंड आर्किटेक्चर, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में स्पेशलाइजेशन वाली इंजीनियरिंग डिग्री कर चुके भी पीजी प्रोग्राम कर सकते हैं। अन्य विषय में ग्रेजुएट्स को टेक्सटाइल्स उद्योग में एक साल का अनुभव है तो यह पीजी प्रोग्राम कर सकते हैं।

## और भी हैं रास्ते

आप टेक्सटाइल डिजाइन में स्पेशलाइजेशन के साथ बैचलर इन फाइन आर्ट्स भी कर सकते हैं, इस कोर्स का फोकस तकनीकी कौशल पर होता है। लेकिन डिजाइन संस्थानों और फाइन आर्ट्स कॉलेजों में सीटें सीमित होती हैं। एक अन्य रास्ता है, बीएससी इन होम साइंस जिसमें टेक्सटाइल भी एक विषय होता है। मिसाल के तौर पर लेडी इरविन कॉलेज बीएससी इन होम साइंस प्रोग्राम में फैब्रिक एंड एपेरल साइंस की भी पेशकश करता है। इसके अलावा फैब्रिक एंड एपेरल साइंस में एमएससी भी उपलब्ध है। दुर्भाग्य से होम साइंस कोर्स महिलाओं के लिए ही है। पोलिटेक्निक और क्राफ्ट्स इंस्टीट्यूट भी ऐसे प्रोग्राम की पेशकश करते हैं। कई डिजाइन और छोटे स्टुडियो इन संस्थानों से सहायकों का चयन करते हैं। नियुक्ति पार्ट टाइम या प्रोजेक्ट के आधार पर होती है। आप कोई भी रास्ता अपनाएं, रचनात्मकता, टेक्सटाइल के लिए जुनून और अधिक से अधिक सीखने की लगन आपको दूसरों से आगे ले जाएगी।





## उद्यमी भी बन सकते हैं



टेक्सटाइल डिजाइनर बनने के बाद आपके लिए उद्यमी बनने के भी रास्ते खुले हैं। आप अपना डिजाइन स्टूडियो खोलकर डिजाइनरों की सेवाएं ले सकते हैं, और अंतर्राष्ट्रीय तथा भारतीय क्लाइंट्स की जरूरतें पूरी करने पर अपना ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं। 20-25 लोगों की टीम के साथ उनकी कंपनी डिजाइन फैब्रिक और सॉफ्ट होम फर्नीशिंग पर ध्यान केन्द्रित करती है। हालांकि जब-तब उन्हें अपनी वेबसाइट के जरिए विदेशों से एक अनूठा प्रोजेक्ट भी हाथ लग जाता है। लम्बे समय तक विदेशी ट्रेंड और तकनीक की समझ होने की वजह से हमें यह समझ आ जाती है कि कौन से प्रिंट चल सकते हैं, कौन से नहीं। नवीनतम डिजाइनों से परिचित होने के अलावा सफल उद्यमी बनने के लिए मार्केटिंग और प्रबंधन में कुशल होना भी जरूरी है। एप्रोच बहुत जरूरी है। रचनात्मकता जो बाजार में प्रासांगिक हो और सांस्कृतिक विरासत, शिल्प या क्षेत्रीय पहचान को सामने ला सके, वह आपके लिए अधिक जरूरी है। उनके प्रोजेक्ट्स में घरेलू रिटेल स्टोर के लिए टेक्सटाइल डिजाइन तैयार करना और आर्किटेक्ट्स तथा इंटीरियर डिजाइनरों के साथ काम घरों के लिए होम फर्नीशिंग तैयार करना शामिल है।



# मैनेजमेंट का मूलमंत्र है टीमवर्क

जो सभी के साथ मिलकर काम करना सीख लेता है वह पीछे मुड़कर नहीं देखता, क्योंकि टीमवर्क के रूप में कार्य करना ही मैनेजमेंट का मूलमंत्र है। करियर बनाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है चूंकि इससे आप अपनी मनपसंदीदा करियर को चुनने में आसानी होने के साथ ही खाली बैठने के लिए आपके पास समय भी नहीं होगा।

## खुद को परफेक्ट बनाएं

मौजूदा परिस्थिति में किताबी कीड़ा बनकर या डिग्रियों का ढेर लगाकर सफलता की कामना नहीं की जा सकती है। अपने अंदर झांककर अपनी प्रतिभा को टटोलें कि किन क्षेत्रों में आप अपनी दक्षता को विकसित कर बाजी मार सकते हैं। जो क्षेत्र आपको सर्वाधिक उपयुक्त लगे, उसमें विशेषज्ञों की सलाह लेकर अपना कौशल बढ़ाएं।

## आत्मविश्वास बढ़ाना भी है जरूरी

जीवन के कुरुक्षेत्र में आधी लड़ाई तो आत्मविश्वास द्वारा ही लड़ी जाती है। यदि योग्यता के साथ आत्मविश्वास जुड़ जाए तो करियर के कुरुक्षेत्र में आपको कोई पराजित नहीं कर पाएगा। अध्ययन के साथ-साथ उन गतिविधियों में भी हिस्सा लें, जिनसे आपका आत्मविश्वास बढ़े।

## संपर्क स्थापित करना महत्वपूर्ण

आज जमाना ही सूचना प्रौद्योगिकी का है, यहां जितनी जानकारी, जितनी सूचनाएं आपके पास होंगी करियर निर्माण की राह उतनी ही आसान होगी। कूपमंडूकता छोड़ें, ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिलें उन्हें अपनी जानकारी दें, आपके जानने वालों का जंजाल जितना लंबा होगा सफलता उतनी ही आपके करीब होगी।

## नए जमाने की तकनीक अपनाएं

पुराना भले ही सुहाना माना जाता हो, लेकिन आज की प्रतिस्पर्धा में नई तकनीक का महत्त्व नकारा नहीं जा सकता है। किसी भी क्षेत्र में प्रवेश से पहले पूछा जाता है, क्या कम्प्यूटर चलाना आता है? कम्प्यूटर के आधारभूत ज्ञान के बजाय थोड़ी ज्यादा दिलचस्पी दिखाएं, क्योंकि यही वह अलादीन का चिराग है, जो करियर निर्माण की हर मांग को पूरा कर सकता है। इससे पहले कि कोई नई तकनीक पुरानी हो जाए आप इसके उस्ताद बन जाएं। अपने ज्ञान को परिमार्जित करते रहें। भविष्य उसी का होता है, जो अपने को श्रेष्ठतम तरीके से अनुकूल रूप में ढाल लेता है।

## परिवार का सहयोग आवश्यक

अकसर देखा गया है कि करियर निर्माण की चिंता में लोग घर परिवार को भूल जाते हैं। परेशानी और तकलीफ के वक्त परिवार ही काम आता है। इसलिए परिवार को पर्याप्त समय दें। पारिवारिक आमोद-प्रमोद से करियर की राह आसान हो जाती है तथा आप तनावमुक्त होकर करियर निर्माण की राह पर अग्रसर हो सकते हैं।

## दूसरों से न करें अनमना व्यवहार

आपका संघर्ष, आपकी परेशानी नितांत निजी मामला है। इसका असर दूसरों के साथ अपने व्यवहार में न आने दें। जो सभी के साथ मिलकर काम करना सीख लेता है वह पीछे मुड़कर नहीं देखता, क्योंकि टीमवर्क के रूप में कार्य करना ही मैनेजमेंट का मूलमंत्र है।

## काम में ईमानदारी बरतें

झूठ ज्यादा देर टिकता नहीं है, अपने बारे में सही आकलन कर वास्तविक तस्वीर पेश करें। निष्ठापूर्ण व्यवहार की सभी कद्र करते हैं। अपने काम के प्रति आपकी ईमानदारी आपको करियर निर्माण में सर्वोच्च स्थान दिला सकती है। भूलें नहीं कि कार्य ही पूजा है।

## ज्यादा महत्वाकांक्षी न बनें

प्रत्येक इनसान में महत्वाकांक्षा का होना जितना अच्छा है, उसकी अतिमहत्वाकांक्षा उतनी ही नुकसानदायक होती है, क्योंकि अति सर्वत्र वर्जयते। किसी करिश्मे की उम्मीद न करें सभी चीजें समय पर ही मिलती हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# स्टेडियम के गैलरी विस्तारीकरण से जिले में खेल गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा : उपायुक्त

– बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जिले में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन

**संवाददाता**



**साहिबगंजः** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के 25वें वर्ष रजत पर्व व भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से साहिबगंज स्थित सिद्धो-कान्हो स्टेडियम में गैलरी विस्तारीकरण योजना का शिलान्यास किया। इसके साथ ही अधिकारियों द्वारा पुलिस आवास कॉलोनी व क्राफ्ट शॉप योजना का भी विधिवत उद्घाटन किया गया।उपायुक्त ने कहा कि स्टेडियम के गैलरी विस्तारीकरण से जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा एवं खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध होंगे। वहीं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस आवास कॉलोनी के निर्माण को पुलिस कर्मियों के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया क्राफ्ट शॉप के उद्घाटन के दौरान स्थानीय उत्पादों हस्तशिल्प और कारीगरों को प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और महिलाओं व कारीगरों के लिए नए अवसर उपलब्ध होंगे।जिले में विकास, खेल, सुरक्षा और स्थानीय रोजगार सृजन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आज किए गए ये सभी कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होंगे।

## बिहार में विकास की प्रचंड जीत हुई है: बजरंगी



**साहिबगंज**:बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव के नेतृत्व में अयोध्या धाम में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और एक दूसरे मिठाई खिला कर जश्न मनाया। वही कार्यकर्ताओ ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद और नितिश कुमार जिंदाबाद के नारे भी लगाए।इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने खुशी का इजहार करते कहा कि बिहार मे मोदी और नीतीश के नेतृत्व में विकास की प्रचंड जीत हुई है।उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव का प्रचंड जनादेश बताता है कि बिहार कि जनता ने सुशासन,स्थिरता और विकास को चुना है।उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए को विकास के नाम पर वोट किया है।एक बार फिर बिहार कि जनता ने मोदी पर विश्वास जताया है।उन्होंने कहा कि विपक्ष की सारी रणनीति को ध्वस्त कर रिकार्ड मतों से जीत हासिल की है।

## भाजपाइयों ने भगवान बिरसा को किया नमन

**संवाददाता**



**दुमकाः** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद की अध्यक्षता में शनिवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, जनजातीय गौरव दिवस एवं झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर दुमका नगर क्षेत्र में माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके साथ ही नगर क्षेत्र में स्थित सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण कर उनके योगदान और बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि धरती आबा का संघर्ष, स्वाभिमान और जनजातीय समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए उनका अदम्य साहस सदैव प्रेरणा स्रोत रहेगा। जनजातीय गौरव दिवस जैसे ऐतिहासिक निर्णय ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनजातीय समाज के सम्मान को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुनील सोरेन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निवास मंडल,अनुज आर्या,अमरेंद्र सिंह, अंजुला मुर्मू,पवन केशरी, धर्मेंद्र सिंह,मार्शल ऋषिराज टुडू, बबलू मंडल,रमेश मुर्मू,संतोष सोरेन, सोनी हेंब्रम,रूपेश मंडल,बिरेन्द्र मरांडी,रामकृष्ण हेंब्रम,रुसीलाल टुडू, चारलेश हांसदा ,सहदेव मरांडी,सुनील सोरेन, मनोज सिंह पहाड़िया,मलय नंदी, दीपक स्वर्णकार,अजय गुप्ता ,किशोरेंद्र दास,अमन राज,गायत्री जायसवाल,टिंकू गण, रानी सिंह,दीपाली मंडल ,दिनेश सिंह,मनोज साह,प्रवीण सिंह,ओम केसरी,नवल किस्कू सहित भाजपा के नेता, विभिन्न मोचाओं के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, युवा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में भाजपा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे और इस अवसर को श्रद्धा, सम्मान तथा संकल्प के साथ मनाया।

## अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग : जवाहर नवोदय विद्यालय ने 35 रन से जीता मैच

**संवाददाता**



**साहिबगंजः**जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के तहत शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय बनाम माही स्पोर्ट्स ब्लू के बीच मैच खेला गया। जवाहर नवोदय विद्यालय ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.2 ओवर में 159 रन बना कर ऑल आउट हो गई। धीरज ने 65, मोनू कुमार ने 16, साहिल राज 22 व परवेज आलम ने 14 रन बनाये। माही स्पोर्ट्स ब्लू के गेंदबाज अमन ने 3, अंश राज ने 4 व मिलन ने 2 विकेट लिया। माही स्पोर्ट्स ब्लू ने 19.4 ओवर में 124 रन बना कर ऑल आउट हो गई। प्रिंस ने 20, अनुकान्त कुमार ने 17 व अमन ने 12 रन की पारी खेली। नवोदय के गेंदबाज आयुष ने 3, महेश ने 2 व साहिल ने 2 विकेट लिए। नवोदय विद्यालय ने 35 रन से जीत दर्ज की। नवोदय विद्यालय के खिलाड़ी धीरज को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि जाहिद खान ने रौनक को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग चंदन यादव व श्याम रंजन तिवारी एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया। टूनार्मेंट इंचार्ज अशफाक आलम ने बताया कि 16 नवंबर को संत जेवियर स्कूल बी बनाम मां गायत्री क्रिकेट बोरियो के बीच मैच खेला जाएगा।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### जयंती पर याद किए गए भगवान बिरसा



दुमका: झारखंड राज्य स्थापना दिवस और धरती आबा बिरसा मुंडा के अवतरण दिवस पर शनिवार को सिविल सोसायटी दुमका,पटेल सेवा संघ और शहीद सरदार भागवत राउत विचार मंच, दुमका के संयुक्त तत्वावधान में माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,दुमका नगरपालिका के 1972 से 1987 तक रहे पूर्व कमिश्नर विनोद दारूका, पटेल सेवा संघ दुमका के अध्यक्ष अशोक कुमार राउत,तीनों संगठनों के सचिव संदीप कुमार जय बमबम,साहित्यकार अरुण कुमार सिन्हा,लक्ष्मी देवी,कल्पना देवी, ललिता देवी,शारदा देवी,रिंकू कुमार मंडल,ऋषभ वर्मा आदि ने श्रद्धेय बिरसा मुंडा जी के प्रतिमा के साथ-साथ सरदार पटेल और दुमका में स्थापित सभी महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पण किया और झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर सभी ने आपस में एक-दूसरे को शुभकामना दिया।

### जनजाति गौरव दिवस भव्य रूप से मनाने की तैयारियों पर हुई विस्तृत चर्चा

साहिबगंज :अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी साहिबगंज नगर इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक आज संपन्न हुई, जिसमें आगामी 17 नवम्बर को मनाए जाने वाले जनजाति गौरव दिवस की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का आयोजन पंडित दिलदियाल उपध्याय भवन में किया गया।जिसकी अध्यक्षता नगर मंत्री अविनाश साह ने की। बैठक में प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक इन्द्रोजीत साह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक इन्द्रोजीत साह ने कहा कि जनजाति गौरव दिवस हमारे देश के जनजातीय नायकों के संघर्ष बलिदान और गौरवमयी इतिहास को याद करने का अवसर है। यह दिवस भारतीय संस्कृति की विविधता और समरसता का प्रतीक है। साहिबगंज जैसे जनजातीय क्षेत्र में इस दिन का भव्य आयोजन युवाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि एबीवीपी सदैव समाज के प्रत्येक वर्ग के सम्मान और गौरव की रक्षा के लिए समर्पित रही है, और यह आयोजन संगठन की एकता, प्रतिबद्धता व सांस्कृतिक जागरूकता का प्रतीक बनेगा।बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर मंत्री अविनाश साह ने कहा कि जनजाति गौरव दिवस हमारे इतिहास के उन अध्यायों को उजागर करता है, जिनमें जनजातीय वीरों के साहस और देशभक्ति की गाथाएं अंकित हैं। उन्होंने कहा कि एबीवीपी साहिबगंज नगर इस वर्ष इस दिवस को केवल एक कार्यक्रम के रूप में नहीं बल्कि एक जन-आंदोलन के रूप में मनाएगा। हर कार्यकर्ता इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करेगा।बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंदन गुप्ता, जिला कार्यालय मंत्री अंकुश कुमार, नगर सह मंत्री निधि सिंह, ज्योत्सना कुमारी, बादल, सुमित, नीरज, समीर, कुंदन, प्रिया, प्रीति, अदिति सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर निर्णय लिया कि साहिबगंज नगर में 17 नवम्बर को होने वाला जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम भव्य और ऐतिहासिक रूप में आयोजित किया जाएगा । अंत में नगर मंत्री अविनाश साह ने सभी कार्यकताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि एबीवीपी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है, और जनजाति गौरव दिवस के माध्यम से हम समाज के जनजातीय नायकों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और कार्यकताओं ने आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

**राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर दीदियों की हुई विशेष ग्रामसभा**

### बाल विवाह व बाल मजदूरी के खिलाफ ली शपथ



साहिबगंज/उधवा : झारखंड राज्य के गौरवपूर्ण 25वीं स्थापना दिवस के अवसर पर दक्षिण सरफराजगंज पंचायत में ग्राम संगठन की अध्यक्ष फातमा खातून की अध्यक्षता में दर्जनों समूह दीदियों की उपस्थिति में विशेष ग्रामसभा आयोजित की गई। ग्रामसभा में पंचायत की मुखिया गुलनाज खातून मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं। ग्राम संगठन की अध्यक्ष फातमा खातून ने ग्रामसभा में लैंगिक समानता, बाल विवाह, बाल मजदूरी, घरेलू हिंसा, स्वच्छता, महिला सशक्ति करण और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि पहले कुछ दीदियां इंग्लिश आजीविका सखी मंडल से जुड़ी थीं।लेकिन समय के साथ पूरे प्रखंड के गांव और मोहल्लों की महिलाएँ जेएस एलपीएस से जुड़कर आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत हो रही हैं। मुखिया गुलनाज खातून ने कहा कि आज महिलाएँ समूहों के माध्यम से न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं। बल्कि गांव के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह और बाल मजदूरी कानूनन अपराध है। इन्हें रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्रामसभा में मौजूद सभी दीदियों ने बाल विवाह और बाल मजदूरी के खिलाफ शपथ ली और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। मौके पर ग्राम संगठन की सचिव सबीना खातून, कोषाध्यक्ष शरीफा खातून, सदस्य समेला बिनी, अख्तरी बीबी, रहीमा बीबी, सवाना बीबी, चांदनी खातून, नर्गिस बीबी, समसुन निहार, सफीमा खातून, बेबी बीबी, सितारा बीबी सहित अन्य कई दीदियां उपस्थित रहीं।

## उधवा प्रखंड अध्यक्ष के रूप मे विकास मंडल का चयन



साहिबगंज/उधवा :प्रखंड के होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल कटहलबाडी में झारखंड मजदूर संघ के प्रजातांत्रिक जिला महामंत्री मोहम्मद इमाम विश्वास की अध्यक्षता में प्रखंड अध्यक्ष चुनाव को लेकर बैठक आयोजित कि गई।इस बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव,केंद्रीय सहायक मंत्री गणेश ठाकुर एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी उपस्थिति में हुई।बैठक मे केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव द्वारा झारखंड मजदूर संघ प्रखंड इकाई उधवा एवं प्रखंड इकाई तालझारी प्रखंड स्तरीय समिति को भंग करते हुए उधवा प्रखंड अध्यक्ष के रूप मे विकास मंडल का चयन किया गया।वही नये प्रखंड अध्यक्ष को एक सप्ताह के भीतर 15 सदस्य वाली कमेटी बनाने का निर्देश दिया.।सभी सदस्यों ने चुने गए प्रखंड अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया गया।मौके पर विश्वजीत मंडल,मिथुन घोष,सुमित रविदास,नवकुमार घोष,संतोष कुमार शाह,कृष्ण कुमार सानू,रंजीत कुमार घोष,निर्मल घोष,स्वाधीन घोष आदि मौजूद थे।

## राज्य स्थापना दिवस पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से सुयोग्य लाभुकों को किया गया लाभान्वित

**संवाददाता**



**देवघरः** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जन्मदिवस और झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर शनिवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री, जल संसाधन, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग हफीजूल हसन, झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक सारठ उदय शंकर सिंह, उपाध्यक्ष झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग प्राणेश सोलोमन, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा नगर निगम स्थित धरती आबा बिरसा मुण्डा के प्रतीमा पर माल्यार्पण किया गया, जिसके पश्चात मंत्री द्वारा मुख्य समारोह स्थल पर जिलास्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके अलावे कार्यक्रम को संबोधित करते झारखंड सरकार के मंत्री हफीजूल हसन ने धरती आबा बिरसा मुण्डा को नमन करते हुए सभी को झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज हम सभी के लिए गौरव का दिन है, साथ हीं आज के दिन की महत्ता को समझते हुए ये संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम एक दूसरे का सहयोग करते हुए अपने कार्यों से झारखण्ड का नाम और भी गौरवान्वित करें। आगे झारखण्ड के स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर माननीय मंत्री द्वारा जानकारी दी गयी कि 113 करोड़ की लागत से होटल बैद्यनाथ विहार होटल, 4 स्टार निर्माण पीपी मोड में, बुढ़ैयी जलाशय, कृष्णा सागर डेम, सिकटिया बराज व पुनासी डैम के अलावा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा साईकिल वितरण योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 कुल-69304, वितरित-46114, आयवृद्धि योजना - वित्तीय वर्ष 2024-25 में 07, 2025-26 में आयवृद्धि योजना प्रक्रियाधीन है, मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृति योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 में 03 एवं वर्ष 2025-26 में 03 कुल 06 तथा 2025-26 में 03 से बढ़ा कर 06 किया गया है, अल्पसंख्यक छात्रावास निर्माण वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 55 अबतक 111 योजनाओं की स्वीकृति। कुल 50.00 करोड़ रू० का बजट है, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना-झारखण्ड सरकार द्वारा अबतक कुल 146 करोड़ रूपया अनुदान दिया गया, अल्पसंख्यक समुदाय के कब्रिस्तानों को विगत वर्ष 250 कब्रिस्तान की स्वीकृति। अबतक 2500 से ज्यादा कब्रिस्तानों की घेराबंदी की जा चुकी है, अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय गढ़वा, हजारीबाग, सरायकेला-खरसावां, राँची, साहेबगंज तथा देवघर जिलों में रू० 88.83 करोड़ के प्राक्कलित राशि पर 06 (छः) अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय की स्वीकृति प्रदान की गयी है। शेष जिलों से भी प्रस्ताव की मांग की गई है, कोचिंग योजना अल्पसंख्यक कोचिंग योजना के तहत एजेन्सी के चयन की कार्रवाई की जा रही है, हज यात्रा वर्ष 2025 में हज यात्रा पर गये झारखण्ड के हज यात्रियों की कुल संख्या 1298 थी, हज 2026 में यात्रियों की कुल संख्या 1578 है। 1578 हज यात्रियों की देखभाल के लिए 11 स्टेट हज इन्स्पेक्टर भेजे जाएंगे एवं अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2025-26 भारत सरकार को लगभग 300 योजना स्वीकृति हेतु भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावे जल संसाधन विभाग के योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सुवर्णरखा बहुउद्देशीय परियोजना अन्तर्गत चांडिल डैम, गालूडीह बराज एवं खरकई बराज से निःसृत मुख्य नहरों से किसानों को जल्द से जल्द सिंचाई लाभ देने के लिये अवशेष वितरणियों का कार्य भूमिगत पाइप लाइन से कराया जा रहा है। खरकई बराज से खरकई बांयी लिफ्ट सिंचाई एवं सीतारामपुर जलाशय योजना का कार्य पूर्ण किया गया है। इस योजना से 3700 हे० भूमि में पटवन की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है एवं सीतारामपुर जलाशय में 101 एमएलडी पेयजल दिया जा रहा है, जिससे जमशेदपुर में पेयजल संकट को दूर किया जा सका है। लघु सिंचाई अंतर्गत देवघर जिले के कुल 44 योजनाओं सहित झारखण्ड में कुल 727 योजनाओं की स्वीकृति दी गई है। जिसमें 453 चेकडैम, 46 उद्दह सिचांई एवं 228 मध्यम सिंचाई है। वर्ष 2000 में झारखण्ड राज्य की स्थापना के पश्चात राज्य में कुल 6.27 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता थी जो 2024-25 में कुल 10.12 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता प्राप्त किया गया।

# झारखंड आंदोलन का निर्माण एक लंबे व ऐतिहासिक जन आंदोलन का परिणाम : नलिन सोरेन

**संवाददाता**

**दुमकाः** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को कन्वेंशन सेंटर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दुमका के झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद नलिन सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक लुईस मरांडी, भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर, जिला परिषद् अध्यक्षा एवं उपाध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने झारखंड के गौरवशाली इतिहास, जनजातीय नायकों के योगदान तथा राज्य के उज्ज्वल भविष्य पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन, छात्र-छात्राएं, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर सभी अतिथियों सहित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं, अधिकारियों, जन प्रतिनिधि गण तथा जिले के गणमान्य व्यक्तियों ने शपथ लिया कि

हम गौरवान्वित हैं कि हम प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण सुंदर और समृद्ध झारखण्ड के निवासी हैं। हमें अपने महान और संघर्षशील पूर्वजों से यहां की समृद्ध संस्कृति, भाषा और सभ्यता विरासत में मिली है।

हमारा युवा झारखण्ड अपने निर्माण के 25 वर्ष पूरा कर रहा है। हम शपथ लेते हैं कि हम हमारे झारखण्ड की परंपरा और संस्कृति को संरक्षित करते हुए राज्य के सतत विकास और प्रगति के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि आज हम सभी झारखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगाँठ हर्ष और गर्व के साथ मना रहे हैं। झारखंड राज्य का निर्माण एक लम्बे और ऐतिहासिक जनांदोलन का परिणाम है। आदिवासी समाज तथा यहाँ के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध



हो–यह स्वर्गीय श्री शिबू सोरेन जी की दूरदर्शी सोच थी। उनका यह दृढ़ विश्वास था कि अलग राज्य के गठन के बिना इस क्षेत्र का समग्र विकास संभव नहीं है। सुदूरवर्ती इलाकों में भी विकास की किरण पहुँचाने के प्रयास निरंतर किए गए हैं। 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य के गठन के साथ ही विकास की नई यात्रा प्रारंभ हुई, जो आज भी समान गति से आगे बढ़ रही है। जहाँ कभी लोगों को सड़क, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ता था, वहीं सरकार तथा जिला प्रशासन के सतत प्रयासों से अब स्वच्छ पेयजल घर-घर तक पहुँच रहा है। खेतों तक पानी पहुँचाने और किसानों की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अनेक योजनाएँ चलाई गई हैं तथा कार्य निरंतर जारी हैं। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष का यह झारखंड और अधिक विकसित, सशक्त और समृद्ध बने–इसके लिए हम सभी का सहभागी बनना आवश्यक है। झारखंड का उज्ज्वल भविष्य जन-सहभागिता और सामूहिक प्रयासों पर ही निर्भर करता है।

इस अवसर पर जामा विधानसभा क्षेत्र की झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक लुईस मरांडी ने कहा कि झारखंड अब युवावस्था में प्रवेश कर चुका है–25 वर्ष का सशक्त और उजार्वान राज्य। आज हम सभी गर्व के साथ राज्य स्थापना दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन 25 वर्षों की यात्रा में झारखंड ने कहाँ-कहाँ प्रगति की है और किन क्षेत्रों में और आगे बढ़ने की आवश्यकता है, इस पर विचार करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन की समर्पित टीम सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में पूरी निष्ठा से लगी हुई है, जिसका परिणाम है कि योजनाएँ धरातल पर दिख रही हैं और लोगों को वास्तविक लाभ मिल रहा है। सरकार अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है, और जिला प्रशासन इस कार्य को जमीन पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जो लोग किसी कारणवश जिला मुख्यालय तक नहीं पहुँच पाते, उनके लिए सरकार ने सरकार आपके द्वार जैसी जनकल्याणकारी पहल शुरू की है, जिसके माध्यम से अधिकारी सीधे पंचायतों में जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। प्रखंड कार्यालयों में आयोजित होने वाले जन-सुनवाई कार्यक्रमों में भी आमजन की समस्याएँ प्राथमिकता के आधार पर दूर की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयास अब स्पष्ट रूप से धरातल पर दिख रहे हैं। सर्वजन पेंशन योजना, मईया सम्मान योजना जैसी पहल ने महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य किया है। जिनके पास कोई सहारा नहीं है, राज्य सरकार उनका सहारा बनकर खड़ी है। माननीय मुख्यमंत्री ने महिलाओं को सशक्त बनाने और युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना ने युवाओं के लिए नए अवसर प्रदान किए हैं। अंत में उन्होंने शिबू सोरेन को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि उनके संघर्षपूर्ण प्रयासों और नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज हमें अपना अलग राज्य–झारखंड–प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर (दिलीप बाबू )ने कहा कि 25 वर्ष का यह झारखंड आज अनेक सकारात्मक परिवर्तनों का प्रतीक बन चुका है। राज्य ने विकास की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है, परंतु इसे देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी एक सशक्त और अग्रणी राज्य के रूप में पहचान दिलाने के लिए हम सभी को मिलकर और अधिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि गुरुजी, स्वर्गीय शिबू सोरेन जी के लंबे संघर्ष और अदम्य इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि हमें अपना अलग राज्य–झारखंड–प्राप्त हुआ है। अब हमारी जिम्मेदारी है राज्य को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की।



# इमरान खान अपनी कमबैक फिल्म में भूमि पेडनेकर के साथ आएंगे नजर

सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान करीब 10 साल के लंबे गैप के बाद परदे पर लौटने जा रहे हैं। इमरान को आखिरी बार 2015 में रिलीज हुई फिल्म कट्टी बट्टी में देखा गया था। जिसमें उनके साथ कंगना रनौत मुख्य किरदार में थीं। अब उनकी अगली फिल्म के जरिए वे दर्शकों के सामने नए अंदाज में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की रिलीज और कास्ट से जुड़ा ताजा अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इमरान की इस आगामी फिल्म में भूमि पेडनेकर भी उनके साथ नजर आएंगी। फिल्म का पहला एडिट इसी साल दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। फिल्म की शूटिंग अगस्त में पूरी हो चुकी है और अब यह पोस्ट-प्रोडक्शन फेज में है। निर्माता दिसंबर तक एडिट पूरा कर अगले साल की शुरुआत में फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज डेट फाइनल नहीं हुई है। रिलीज डेट का निर्धारण पूरी तरह नेटफ्लिक्स पर निर्भर है। जब तक कॉर्पोरेट अधिकारियों की टीम इस पर साइन नहीं कर देती, रिलीज का कोई आधिकारिक ऐलान नहीं होगा। इसका निर्देशन दानिश असलम कर रहे हैं।





# कार्तिक आर्यन संग जमेगी प्रतिभा रांटा की जोड़ी?

## नागजिला में सान्या मल्होत्रा को किया रिप्लेस

कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म नागजिला को लेकर इन दिनों काफी बज बना हुआ है। हाल ही में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है। सेट से पूजा करने का वीडियो भी हाल ही में वायरल हुआ था। अब इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस से जुड़ी खबर सामने आ रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म की

### प्रतिभा रांटा कार्तिक संग करेंगी रोमांस?



रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के मेकर्स ने इस बार नई चेहरों की तलाश शुरू की है और उनकी नज़र पड़ी है उभरती हुई स्टार प्रतिभा रांटा पर। बताया जा रहा है कि पहले इस फिल्म के लिए सान्या मल्होत्रा को फाइनल माना जा रहा था, लेकिन अब उनकी जगह पर प्रतिभा रांटा को चुना गया है। टीम ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के रूप में लेने की तैयारी लगभग तय कर ली है। हालांकि फिलहाल इन खबरों की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रतिभा के चयन की चर्चा इसलिए भी दिलचस्प है क्योंकि उन्हें एक फ्रेश चेहरा और अंडररेटेड टैलेंट माना जाता है। निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा और प्रोड्यूसर करण जौहर दोनों ही चाहते हैं कि फिल्म की जोड़ी एकदम फ्रेश दिखे। यही वजह है कि



कार्तिक आर्यन के साथ उनकी पेयरिंग को लेकर काफी बज बन रहा है। कहा जा रहा है कि प्रतिभा के पास पहले से ही मैडॉक फिल्म्स की एक बड़ी फिल्म है जिसकी शूटिंग अगले साल यानी 2026 की शुरुआत में होनी है, लेकिन अगर डेट्स में टकराव नहीं हुआ, तो वे निश्चित रूप से नागजिला का हिस्सा बन सकती हैं।

### फिल्म के बारे में

अब बात करते हैं फिल्म के कॉन्सेप्ट की- नागजिला अपने नाम जितनी रहस्यमयी लगती है, उतनी ही इसकी कहानी भी है। इसमें कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग के किरदार में नजर आने वाले हैं, जिसका नाम है प्रियंवदेश्वर प्यारे चंद। यह किरदार पहले कभी बॉलीवुड में नहीं देखा गया है, क्योंकि यहां इंसानों के इमोशन से जुड़ी कहानियां ज्यादा बनती हैं, लेकिन करण जौहर इस बार नाग लोक की दुनिया को बड़े पर्दे पर लाने जा रहे हैं।

### फिल्म का पहला लुक

फिल्म से कार्तिक आर्यन का पहला लुक इसी साल अप्रैल में जारी किया गया था, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया था। करण जौहर ने मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए मजेदार अंदाज में लिखा था ‍इंसानों वाली पिक्चरें तो बहुत देख लीं, अब देखो नागों वाली पिक्चर! नागजिला ‍ नाग लोक का पहला कांड। इस घोषणा के बाद फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। फिल्म नाग पंचमी के मौके पर यानी 14 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 120 बहादुर' में राशि खन्ना निभाएंगी शैतान सिंह भाटी की पत्नी का किरदार

रजनीश घई निर्देशित फिल्म '120 बहादुर' में फरहान अख्तर एक फौजी के किरदार में नजर आएंगे। यह कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। इसमें फरहान के अलावा राशि खन्ना भी हैं। फिल्म में अपने किरदार को लेकर वह काफी एक्साइटेड हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने किरदार को लेकर डिटेल्स शेयर किए।

### अपने किरदार को लेकर क्या बोलीं राशि खन्ना?

राशि खन्ना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'वो युद्ध के मैदान में नहीं गईं, लेकिन उसने हर दिन युद्ध को जिया। मैंने इस किरदार को अपने मन में बसाया है। यह उन महिलाओं के लिए है, जो खामोशी से प्यार करती हैं। जो देश के सैनिकों का घर संभालती हैं। यह महिलाएं गर्व और दर्द को एक साथ समेटे हुए हैं।' बताते चलें कि फिल्म के मुख्य किरदार शैतान सिंह भाटी की पत्नी का रोल राशि खन्ना कर रही हैं।

### भारत-चीन युद्ध पर आधारित कहानी




फिल्म '120 बहादुर' की कहानी 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है। इस लड़ाई में 13 कुमाऊं रेजिमेंट के लगभग 120 भारतीय सैनिकों ने मेजर शैतान सिंह भाटी के नेतृत्व में, 3,000 से अधिक चीनी सैनिकों का बहादुरी से सामना किया और अपनी अंतिम सांस तक अपनी चौकी की रक्षा की। फिल्म में फरहान मेजर शैतान सिंह भाटी के किरदार में ही नजर आएंगे। यह फिल्म 21 नवंबर को रिलीज होने वाली है।





# संघर्ष के दिनों में हाथ से फिसलीं कई फिल्में, आत्महत्या करना चाहते थे नवाजुद्दीन

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपने दमदार अभिनय से बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यही कारण है कि नवाज इंडस्ट्री से जुड़े मामलों पर खुलकर अपनी राय भी रखते हैं। अब एक बार फिर अभिनेता ने इंडस्ट्री को लेकर बात की है। साथ ही उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों को भी याद किया है। एक्टर ने बताया कि एक वक्त ऐसा भी था जब वो सुसाइड करने तक की सोच रहे थे।

### मेरे पास आई कई फिल्में दूसरे लोगों को मिल गईं

अपने जीवन के सबसे मुश्किल वक्त को याद करते हुए एक्टर ने कहा कि 2012 से पहले अक्सर ऐसा होता था कि मुझे मौके मिलते थे और फिर खो जाते थे। मैं यह मानने लगा था कि शायद मैं जीवन में कुछ खास हासिल करने के लिए नहीं बना था क्योंकि जब भी मुझे कुछ मिलता था, वह फिसल जाता था। कई फिल्में और प्रोजेक्ट जिनका मैं हिस्सा होने वाला था, दूसरों को मिल गए। हर कोई एक ऐसे दौर से गुजरता है, जब उसे लगता है कि हार मान ली जाए। आप सोचने लगते हैं कि शायद यह किस्मत है, शायद बदकिस्मती। मैं भी यही सोचता था कि अब कुछ नहीं होगा। लेकिन फिर कोई छोटी सी बात मुझे फिर से उम्मीद दे देती।

### फ्री में एक्टिंग करने को तैयार थे नवाज

हालांकि, नवाज ने ऐसे मुश्किल वक्त में भी हार नहीं मानी और लगे रहे। उन्होंने कहा कि आखिरकार मैंने मान लिया कि शायद कुछ बड़ा नहीं होगा। मैंने खुद से कहा, अगर कुछ नहीं भी हुआ, तो भी मैं एक्टिंग करूंगा। फ्री में करूंगा और अगर करना पड़ा तो सड़कों पर भी करूंगा। लेकिन जब मौके आए तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ कि वे असली हैं। मुझे लगा कि वे भी मुझसे छीन लिए जाएंगे। साल 2012 में नवाजुद्दीन की बैक टू बैक तीन सफल फिल्में 'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'कहानी' और 'तलाश' रिलीज हुई थीं। इस पर नवाज ने कहा कि तभी मुझे आखिरकार यकीन होने लगा कि चीजें होती हैं, बस उन्हें समय लगता है।

बातचीत के दौरान नवाज़ुद्दीन ने उस समय को भी याद किया जब उन्हें आत्महत्या करने के ख्याल आने लगे थे। एक्टर ने बताया कि यह एहसास बहुत पहले सफलता से लगभग पांच साल पहले आया था। मेरे कुछ दोस्तों की मौत हो गई थी। एक दुर्घटना में, दूसरा मानसिक बीमारी के कारण और एक आत्महत्या से। हम स्ट्रगल कर रहे एक्टर्स का एक समूह थे जो एक-दूसरे के करीब रहते थे। इस वजह से मैंने अपने आस-पास बहुत दर्द देखा है। इसके चलते मैं शारीरिक और मानसिक रूप से काफी कमजोर हो गया था। मैं खुद को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। मुझे सचमुच लगता था कि मैं भी मर जाऊंगा। एक समय ऐसा भी था जब मैं रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ा था। मैं ट्रेन पकड़ रहा था और सोच रहा था, क्या मुझे बस आगे बढ़ जाना चाहिए? फिर ख्याल आया कि नहीं, मुझे ऐसे नहीं जाना चाहिए। जिंदगी शायद मुझे माफ कर दे, जैसे एक्टिंग ने किया है। और मैं पीछे हट गया।

### 'थामा' में नजर आए थे नवाज

वर्कफ्रंट की बात करें तो नवाजुद्दीन सिद्दीकी आखिरी बार हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'थामा' में नजर आए थे। फिल्म में वो निगेटिव किरदार में दिखे थे। अब अभिनेता अपनी आगामी फिल्म 'रात अकेली है 2' को लेकर सुर्खियों में हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान अक्षर, केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स को आईपीएल 2026 के लिए किया रिटेन

फ्रेंचाइजी ने कुल 17 खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने का किया फैसला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** जेएसडब्ल्यू और जीएमआर के सह-स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की नीलामी से पहले अपने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। फ्रेंचाइजी ने कुल 17 खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने का फैसला किया है। गहन समीक्षा और चर्चा के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने मोहित शर्मा, फाफ डु प्लेसिस, सेदीकुल्लाह अतल, जेक फ्रेजर-मैगर्क, मनवंथ कुमार और दर्शान नलकंडे को रिलीज करने का निर्णय लिया है। पिछले सीजन में पांचवें स्थान पर रहने




वाली टीम ने जिन खिलाड़ियों को रिटेन किया है, उनमें कप्तान अक्षर पटेल, केएल राहुल, कुलदीप यादव, मिचेल स्टार्क और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इसके अलावा टीम ने ट्रेड के जरिए नितीश राणा को शामिल किया है, जबकि डोनोवन फरेरा राजस्थान रॉयल्स चले गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के चेयरमैन और सह-मालिक किरण कुमार ग्रांधी ने कहा, ‍पिछला सीजन हमारे लिए अच्छा रहा। टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया, भले ही हम प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गए। नीलामी हमारे लिए उन क्षेत्रों को मजबूत करने का मौका है, जहां सुधार की आवश्यकता है। हमारी कोचिंग टीम और स्काउटिंग नेटवर्क ने टीम को और संतुलित बनाने के लिए सही प्रतिभाओं पर काम किया है। नीलामी के लिए सभी खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं। दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, ‍हम अपने रिटेन खिलाड़ियों से काफी खुश हैं। पिछले सीजन के पहले हाफ में उन्होंने शानदार तालमेल दिखाया था। हमारी कोचिंग और स्काउटिंग टीम ने उन खिलाड़ियों की पहचान की है जो हमारे कोर ग्रुप को और मजबूत कर सकते हैं। हम नीलामी का इंतजार कर रहे हैं और नए सीजन के लिए एक मजबूत टीम बनाना चाहते हैं।

हेड कोच हेमांग बदानी ने कहा, ‍पिछला सीजन उतार-चढ़ाव भरा था। कई मैचों में हमने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन प्लेऑफ से थोड़ा पीछे रह गए। हमें पता है कि किन क्षेत्रों में मजबूती की जरूरत है और नीलामी हमें उन सुधारों का अवसर देगी। हमारा लक्ष्य है कि टीम पूरे सीजन में लगातार अच्छा प्रदर्शन करे।

**रिटेन किए गए खिलाड़ी**

अक्षर पटेल, केएल राहुल, करुण नायर, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, नितीश राणा (ट्रेडेड इन)।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी**

मोहित शर्मा, फाफ डु प्लेसिस, सेदीकुल्लाह अतल, जेक फ्रेजर-मैगर्क, मनवंथ कुमार, दर्शान नलकंडे, डोनोवन फरेरा (ट्रेडेड आउट)।

# आईपीएल 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने जारी की रिटेन खिलाड़ियों की सूची

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 ऑक्शन से पहले अपने रिटेन खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। तीन बार की चैंपियन टीम ने इस बार भी अनुभव और युवा जोश का बेहतरीन मिश्रण बनाए रखते हुए ऐसे खिलाड़ियों को रिटेन किया है, जो पिछले कुछ सीजनों में टीम की रीढ़ साबित हुए हैं। इनमें अजिंक्य रहाणे, मनीष पांडे, सुनील नारायण, वरुण चकरवर्ती, रिंकू सिंह, हर्षित राणा और अंगकृष रघुवंशी जैसे नाम शामिल हैं। टीम ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि उसका लक्ष्य युवा प्रतिभाओं को निखारते हुए अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ एक मजबूत और संतुलित टीम तैयार करना है। आईपीएल 2026 का ऑक्शन 16 दिसंबर




2025 को अबू धाबी में आयोजित किया जाएगा। केकेआर की रिटेन एवं रिलीज खिलाड़ियों की पूरी सूची- रिटेन खिलाड़ी- अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, अनुकूल रॉय, हर्षित राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, रोवमैन पॉवेल, सुनील नारायण, उमरान मलिक, वैभव अरोड़ा, वरुण चकरवर्ती। रिलीज खिलाड़ी- आंद्रे रसेल, वेंकटेश अय्यर, क्विंटन डी कॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, मोइन अली, स्पेंसर जॉनसन, एनरिक नॉर्टजे, चेतन सकारिया, लवनिथ सिसौदिया।उपलब्ध स्लॉटः13 (जिसमें 6 विदेशी स्लॉट शामिल) उपलब्ध पर्सः 64.3 करोड़ रुपये

## मुख्यमंत्री ने 'नमो रन फॉर रोड सेफ्टी' को दिखाई झंडी, बोलीं-

# सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता सुदृढ़ करना लक्ष्य : रेखा गुप्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो रन फॉर रोड सेफ्टी को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ सम्मिलित हुईं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पूर्वी दिल्ली में सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा द्वारा सांसद खेल महोत्सव का संचालन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में युवाओं को समर्पित यह विशेष रोड सेफ्टी रन आयोजित हुई, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति व्यापक जन-जागरूकता सुदृढ़ करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कें तभी सुरक्षित बनेंगी जब हम सभी ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे, धैर्य और संयम के साथ वाहन चलाएंगे और स्वयं जागरूक रहकर दूसरों को भी जागरूक करेंगे। सड़क सुरक्षा अनुशासन, सजगता और सामूहिक जिम्मेदारी का परिचायक है। उन्होंने कहा कि आइए, हम सब मिलकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाएं। सुरक्षित चलें और सुरक्षित चलाएं। इस कार्यक्रम में विधायक अरविंदर सिंह लवली, रविकांत, संजय गोयल, अभय वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। विधायक अरविंदर सिंह लवली ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि नमो रन फॉर रोड सेफ्टी में शामिल होकर युवाओं के जोश, ऊर्जा और अनुशासन का अद्भुत संयोग देखने को मिला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रेरित फिट इंडिया मूवमेंट आज न केवल खेल को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय गौरव की भावना को भी सशक्त कर रहे हैं।



### रेजांगला युद्ध के वीर शहीदों के सम्मान में निकली रज कलश यात्रा में पहुंची मुख्यमंत्री, तीन मेट्रो स्टेशनों के नाम बदलेंगे

**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि लद्दाख से हजारों किलोमीटर की लंबी यात्रा कर रेजांगला युद्ध के वीर शहीदों के सम्मान में निकली पवित्र रज कलश यात्रा के हैदरपुर पहुंचना अपने आप में एक गौरवपूर्ण क्षण है। यह पवित्र यात्रा पूरे देश को राष्ट्र प्रथम की भावना में पिरोने वाला एक सशक्त संदेश है। मुख्यमंत्री आज हैदरपुरा गांव में रज कलश यात्रा के समान में यहां शामिल हुईं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए यादव महासभा और सभी आयोजकों को साधुवाद किया, जिन्होंने इस यात्रा को राष्ट्रीय चेतना का स्वरूप दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हैदरपुर गांव की यह धरती आज स्वयं को धन्य मान रही है कि वीर शहीदों की पवित्र स्मृति यहां पहुंची। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इस क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों की सुविधा के लिए तीन मेट्रो स्टेशनों के नाम बदले जा रहे हैं। पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन अब मधुबन चौक के नाम से जाना जाएगा। प्रशांत विहार मेट्रो स्टेशन को उत्तरी पीतमपुरा/प्रशांत विहार नाम दिया गया है। हैदरपुर बादली मोड़ का नाम अब हैदरपुर गांव रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैक्स अस्पताल मार्ग के चौड़ीकरण और अंडरपास के निर्माण का कार्य भी तेजी से चल रहा है, जिससे यहां के निवासियों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि हैदरपुर गांव विकसित दिल्ली की उस नई पहचान का प्रतीक बन रहा है, जिसमें परंपरा को सम्मान और आधुनिक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

### आजमगढ़ के राजकीय मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, प्रताड़ित किए जा रहे विद्यार्थी

**लखनऊ/आजमगढ :** राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं सुपर फैसेलिटी अस्पताल चक्रपानपुर आजमगढ़ में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को रैगिंग के नाम पर प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। परेशान विद्यार्थियों के अभिभावकों ने इस बाबत कॉलेज के प्राचार्य व वार्डन से शिकायतें भी की, लेकिन प्रताड़ना का सिलसिला नहीं थमा। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और प्रमुख सचिव ?चिकित्सा शिक्षा को एक-एक कर सभी घटनाओं की जानकारी देते हुए जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री को प्रेषित शिकायती पत्र में कहा गया है कि रैगिंग रोकने के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं सुपर फैसेलिटी अस्पताल के प्राचार्य की अध्यक्षता में एंटी रैगिंग कमेटी गठित है। इसमें जिले के प्रशासनिक अधिकारी भी शा?मिल हैं, लेकिन रैगिंग की घटनाएं थम नहीं रहीं हैं। हालात यह है कि बॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल में लगातार रैगिंग हो रही है। यहां के वरिष्ठ छात्र/छात्राएं रैगिंग के नाम पर जूनियर छात्रों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित, डराने-धमकाने और अपमानित कर रहे हैं। पीड़ित छात्रों के अभिभावकों का कहना है कि चिंताजनक बात यह है कि इन घटनाओं की जानकारी हॉस्टल वार्डेन एवं कॉलेज प्रबंधन दी जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस या अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। कॉलेज प्रबंधन का रवैया पक्षपाती बना हुआ है। रैगिंग की घटनाएं सामने आने के बाद प्रबंधन छात्रों पर दबाव डालता है।

## हमीरपुर में ब्लाइंड मर्डर का खुलासा -महिला की हत्या कर सड़क पर शव फेंकने वाला दरोगा गिरफ्तार

सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से संदिग्ध डिजायर कार आई जांच की जद में

कार मालिक से पूछताछ में दरोगा निकला हत्यारा, गिरफ्तार

एजेंसी

**हमीरपुर :** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा कोतवाली क्षेत्र के रमना गांव के पास सड़क किनारे हत्या कर फेंकी गई महिला के शव की शिनाख्त के बाद आज रविवार को घटना का खुलासा कर पुलिस ने आरोपित दरोगा अंकित यादव को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त कार व लोहे की रॉड भी बरामद कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि हमीरपुर जिले के मौदहा कोतवाली क्षेत्र में रमना गांव के पास सड़क किनारे तीन दिन पहले 13 नवंबर को एक महिला का नग्न शव मिला था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू की। मृतका किरन के भाई ने शव की शिनाख्त कर महोबा पुलिस लाइन में तैनात एक दरोगा पर हत्या करने का आरोप लगाए था। एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा ने रविवार को बताया कि घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए। जिसमें एक डिजायर कार का मूवमेंट देखा गया। पुलिस की टीम जांच कर कार मालिक तक पहुंची। कार मालिक के बयान के बाद हत्या की घटना अंजाम देने वाले दरोगा अंकित यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित दरोगा जब कबरई थाने में तैनात था तब मृतका किरन के मुकदमे में विवेचक था। पुलिस पूछताछ में आरोपित दरोगा अंकित यादव ने बताया कि वह मृतका से मानसिक रूप से परेशान थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लोहे की राड व कार बरामद कर ली है। बता दे कि महोबा जिले के कबरई थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की शादी 22 फरवरी 2023 को हमीरपुर जिले के ललपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में सीआरपीएफ जवान के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुराली जनों के उत्पीड़न से परेशान होकर युवती आपने मायके चली गई थी। उसने कबरई थाने में दहेज उत्पीड़न का मामला भी दर्ज कराया था। इस मुकदमे की विवेचना दरोगा अंकित यादव ने की थी। कई बार किरन को दरोगा ने बुलाया था और घटना के दिन 12 नवंबर को महिला किरन को घूमने के लिए बुलाया था और विवाद में राड से हमला कर हत्या कर दी थी।

### नेशनल हाईवे पर ट्रक की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर बाकरपुर बोहरा गांव के समीप बीती रात्रि एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक पर सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। सीओ सिटी अशोक कुमार ने बताया कि देर रात कंट्रोल रूम के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि हाईवे पर ट्रक और बाइक की भिड़ंत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया कि हादसे में भूप सिंह पुत्र मानसिंह (उम्र लगभग 30 वर्ष) निवासी खरका की मढैया की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो चुकी थी। वहीं गंभीर रूप से घायल महाराज सिंह पुत्र नाथूराम (उम्र लगभग 40 वर्ष) को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। दोनों मृतक एक ही गांव के निवासी थे और राजमिस्त्री का काम करते थे। अचानक हुए इस हादसे से गांव में शोक की लहर फैल गई है।

### बलरामपुरः अवैध धान माफिया पर कसा शिकंजाः यूपी से आ रही दो पिकअप से 200 बोरी अवैध धान जब्त

एजेंसी

**बलरामपुर :** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीद को पूरी तरह पारदर्शी बनाने प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने सभी निगरानी दलों, नोडल अधिकारियों और राजस्व अमले को साफ निर्देश दिए हैं कि अवैध धान परिवहन और भंडारण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त न किया जाए तथा खरीद केवल वास्तविक किसानों से ही हो। इन्हीं निदेशों के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज आनंद राम नेताम के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार देर रात दूसरी राज्य सीमा से घुस रहे दो पिकअप वाहनों को करीब 4.5 किलोमीटर पीछा कर दबोच लिया। दोनों वाहनों में भारी मात्रा में अवैध धान भरा हुआ था। रात 3:30 बजे की इस कार्रवाई में लगभग 200 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। वाहनों के चालकों से वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन प्रस्तुत न करने पर दोनों पिकअप को कब्जे में लेकर संबंधित थाना को सौंप दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जिले में अवैध धान लाने वाले कोचियों और बिचौलियों के खिलाफ लगातार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। नागरिकों से भी अपील की गई है कि यदि धान खरीदी में कहीं भी अनियमितता या अवैध गतिविधि दिखे, तो तुरंत शिकायत करें। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### मध्य प्रदेश में तेज ठंड का दौर, भोपाल, इंदौर, रीवाझ्रनौगांव सबसे सर्द, अगले तीन दिन शीतलहर का अलर्ट

**भोपाल :** मध्य प्रदेश इस वर्ष नवंबर में ही तेज ठंड की चपेट में आ गया है। राजधानी भोपाल और इंदौर सहित कई शहरों में रात का तापमान रिकॉर्ड स्तर पर लुढ़क गया है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में शीतलहर की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों में कई जिलों में अति-शीतलहर और शीतलहर का असर देखने को मिला है। अगले तीन दिन भी कोल्ड वेव की स्थिति बनी रहने की संभावना है, जिसके बाद मामूली राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तरी राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में जारी बर्फबारी का प्रभाव मध्यप्रदेश तक पहुंच रहा है। पहाड़ों से आने वाली ठंडी उत्तरी हवाओं के कारण रातें अत्यंत सर्द हो गई हैं, हालांकि दिन में धूप निकलने से कुछ राहत मिलती है। शुक्रवार-शनिवार की रात प्रदेश में तापमान सामान्य से काफी नीचे रहा। भोपाल में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री, इंदौर में 9.6 डिग्री, ग्वालियर में 9.9 डिग्री, उज्जैन में 11.7 डिग्री तथा जबलपुर में 9.7 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे कम तापमान राजगढ़ में रिकॉर्ड हुआ। रीवा 7.5 डिग्री, छतरपुर के नौगांव में 7.8 डिग्री, खजुराहो 9.4 डिग्री, उमरिया 8.4 डिग्री, शिवपुरी 9 डिग्री, सतना और मलाजखंड 9.6 डिग्री तथा छिंदवाड़ा 9.8 डिग्री पर रहा। अन्य अधिकांश शहरों में पारा 10 डिग्री के आसपास या उससे ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज रविवार को भोपाल, इंदौर, राजगढ़, शाजापुर, देवास, सीहोर, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, जबलपुर, डिंडौरी और अनूपपुर जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।

## ब्राजील के साओ पाउलो में अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन आयोजित

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ब्राजील के साओ पाउलो में हुए तीसरे अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन में दो दिनों तक विशेषज्ञों ने आयुर्वेद के 40 वर्ष पूरे होने पर इसकी यात्रा, भारत और ब्राजील के बढ़ते सहयोग, पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के भविष्य, नई शोध संभावनाओं और ब्राजील में आयुर्वेद को आधिकारिक नौकरी श्रेणी में शामिल किए जाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही दिसंबर में नई दिल्ली में होने वाले विश्व स्वास्थ्य संगठन और आयुष मंत्रालय के वैश्विक सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, कार्यक्रम की शुरूआत ब्राजील में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने की। मंत्रालय ने कहा कि भारत और ब्राजील के बीच पारंपरिक उपचार पद्धतियों को लेकर सहयोग लगातार बढ़ रहा है। ब्राजील दक्षिण अमेरिका का पहला देश है जिसने आयुर्वेद को आधिकारिक मान्यता दी है और इसी साल ब्राजील के उपराष्ट्रपति जेराल्डो अल्कमिन की भारत यात्रा से इस साझेदारी को और मजबूती मिली है। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद शरीर, मन और जीवनशैली के संतुलन पर आधारित विज्ञान है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच हुए समझौते और संस्थागत सहयोग आयुर्वेद के वैश्विक विस्तार के लिए अहम साबित हो रहे हैं। उन्होंने ब्राजील में कई वर्षों से आयुर्वेद को आगे बढ़ाने में जुटे विशेषज्ञों की भी सराहना की। स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक ज्योति किरण शुक्ला ने कहा कि भारत और ब्राजील की वेलनेस परंपराओं में समानता है और दोनों देश मिलकर इस क्षेत्र को मजबूत कर रहे हैं। सम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों पर व्याख्यान और चर्चा हुईं। विशेषज्ञों ने आयुर्वेद की वैज्ञानिक संभावनाओं, प्रशिक्षण, और इसके स्थानीय स्तर पर बढ़ते उपयोग पर अपने विचार रखे। मंत्रालय ने बताया कि ब्राजील ने अब आयुर्वेद को अपनी आधिकारिक नौकरी श्रेणी सूची में शामिल कर लिया है, जिसे वहाँ इस पद्धति के विस्तार के लिए बड़ा कदम माना जा रहा है। स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र और ब्राजील के राष्ट्रीय आयुर्वेद आत्म-नियमन परिषद (कोनयुर) की ओर से 14 और 15 नवंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विशेषज्ञ, शोधकर्ता और विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन ब्राजील में आयुर्वेद के अगले 40 वर्षों की संभावनाओं और चुनौतियों पर गोलमेज चर्चा के साथ हुआ।




# प्राकृतिक खेती बनी सहारा, जमनोटी के किसानों की आय में बड़ी बढ़ोतरी

एजेंसी

**हमीरपुर :** हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देकर सुरक्षित खाद्यान्न पैदा करने तथा पर्यावरण का संरक्षण सुनिश्चित करने के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में बहुत ही उत्साहजनक परिणाम सामने ला रहे हैं। अब प्रदेश के कोने-कोने में हजारों किसान प्राकृतिक खेती को अपनाने लगे हैं और उनकी आय में अच्छी-खासी वृद्धि देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री के अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन की ग्राम पंचायत ग्वालपत्थर में भी कई किसानों ने प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट कार्य किया है। इसी पंचायत के गांव जमनोटी के कमल किशोर आज प्राकृतिक खेती करके अच्छा-खासा मुनाफा कमा रहे हैं। जमनोटी के साथ लगते गांव की एक और प्रगतिशील किसान कुसुम लता तथा उनके पति मदन लाल ने भी लगभग तीन वर्ष पहले कृषि विभाग की आतमा परियोजना के अधिकारियों की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से प्राकृतिक खेती को अपनाया और आज वे भी कई तरह की सब्जियां पैदा करके एक सीजन में ढाई से तीन लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं। कुसुम लता ने बताया कि उनके पति मदन लाल होमगार्ड्स से रिटायर हुए हैं और अब अपनी लगभग 5 कनाल भूमि पर विशुद्ध रूप से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। आजकल उन्होंने मूली, फूल गोभी, बंद गोभी, पीली गोभी, ब्रॉकली, मटर और अन्य सब्जियां लगाई हैं। उन्होंने अपने खेतों में न तो कोई रासायनिक खाद डाली है और न ही किसी जहरीले रासायनिक कीटनाशक का प्रयोग किया है।



### उत्तर प्रदेश के कृष्ण पांडेय को मिलेगा प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार

एजेंसी

**लखनऊ :** प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार-2025 की चयन समिति ने इस वर्ष 'स्माइल रोटी बैंक फाउंडेशन' के अध्यक्ष कृष्ण पांडेय 'आजाद' (गोरखपुर, उत्तर प्रदेश) का चयन किया है। वह बाल भिक्षावृत्ति रोकने, बेसहारा मनोरोगियों के पुनर्वास, कारागारों में निरूद्ध बंदियों के मनोविकास के लिए परामर्श, नशाखोरी रोकने जैसे अन्य सामाजिक कार्यों के जरिए समाज में परिवर्तन लाने के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। यह पुरस्कार उन्हें देहरादून में 28-30 नवंबर के मध्य आयोजित होने जा रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन में दिया जाएगा। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ वीरेन्द्र सिंह सोलंकी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान एवं चयन समिति के संयोजक प्राध्यापक मिलिंद मराठे ने 'यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार-2025' से पुरस्कृत कृष्ण पांडेय को बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के केन्द्रीय मीडिया टोली के सदस्य अभिनव मिश्र ने बताया कि यह पुरस्कार वर्ष 1991 से प्राध्यापक यशवंतराव केलकर की स्मृति में दिया जाता है, जिन्हें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठन का शिल्पकार कहा जाता है और अभाविप के विस्तार में उनकी भूमिका के लिए याद किया जाता है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### श्रीलंका के दक्षिणी प्रांत के गवर्नर बंदुला हरिश्चंद्र का निधन

**कोलंबो :** श्रीलंका के दक्षिणी प्रांत के गवर्नर बंदुला हरिश्चंद्र का रविवार सुबह कोलंबो नेशनल हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उन्होंने 62 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से बीमार थे। श्रीलंका के पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हरिश्चंद्र ने कई वर्षों तक कई विभागों में सार्वजनिक सेवा की । राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके ने उन्हें पिछले साल 25 सितंबर को दक्षिणी प्रांत का गर्वनर नियुक्त किया था। डेली न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार बंदुला हरिश्चंद्र की माध्यमिक शिक्षा श्रीपाली कॉलेज, होराना से हुई। उन्होंने केलानिया विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वे 1991 में श्रीलंका प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए। उन्हें सबसे पहले अम्पारा जिले के सहायक जिला चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया। इसके बाद उन्होंने गाले के सहायक जिला चुनाव आयुक्त के रूप में कार्य किया। इसके बाद हरिश्चंद्र ने गाले फोर ग्रेवेट्स के संभागीय सचिव और गाले के अतिरिक्त जिला सचिव के रूप में कार्य किया। वह कुछ समय तक गाले के कार्यवाहक जिला सचिव के रूप में भी काम किया। इसके बाद उन्हें रत्नपुरा जिला सचिव और हंबनटोटा जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। उन्होंने सामाजिक अधिकारिता, कल्याण और कंद्यान विरासत मंत्रालय के सचिव का पद संभाला। उन्होंने कुछ समय तक वन्यजीव संरक्षण विभाग के सचिव और आप्रवासन एवं उत्प्रवास विभाग में अतिरिक्त महानियंत्रक के रूप में कार्य किया।

### नौगाम विस्फोट में मारे गये कैमरामैन के आवास पर आईपीएस सुजीत कुमार ने किया दौरा

**पुलवामा :** शोक और व्यथा के बीच जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (सुरक्षा) सुजीत कुमार आईपीएस ने हरि त्राल स्थित क्राइम ब्रांच के कैमरामैन मुबाशिर मंसूर के आवास का दौरा किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि परिवार के घर में मातम का माहौल था क्योंकि रिश्तेदार, पड़ोसी और सहकर्मी इस दुखद क्षति पर संवेदना व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर क्राइम ब्रांच में कैमरामैन के रूप में कार्यरत मुबाशिर मंसूर विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए और प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। बाद में उनके पार्थिव शरीर को हरि त्राल स्थित उनके पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया जहाँ सैकड़ों लोग अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए जनाजे की नमाज में शामिल हुए। वरिष्ठ अधिकारियों अपराध शाखा के सहकर्मियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें एक समर्पित पेशेवर बताया जो कठिन परिचालन कार्यों में अपनी टीम के साथ लगातार खड़े रहे। अधिकारियों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति एकजुटता व्यक्त की और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### द्वितीय वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस का फोकस कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्र पर

**गांधीनगर :** गुजरात सरकार मेहसाणा, राजकोट, सूरत और वडोदरा में चार वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंसेस (वीजीआरसी) का आयोजन कर रही है। ये कॉन्फ्रेंसेस जनवरी 2027 में प्रस्तावित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट से पहले आयोजित की जा रही हैं, ताकि प्रत्येक क्षेत्र की विशिष्ट क्षमताओं को वैश्विक मंच पर बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया जा सके। हर कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य क्षेत्रीय विकास की गति को और तेज करना, निवेश के नए अवसरों को बढ़ावा देना तथा समावेशी और संतुलित प्रगति को सुदृढ़ बनाना है। राज्य सूचना विभाग ने बताया कि प्रत्येक रीजनल कॉन्फ्रेंस से पूर्व जिला-स्तरीय एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्थानीय अवसरों, सफलता की कहानियों, नवाचारों और उभरती संभावनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसी क्रम में, द्वितीय वाइब्रेंट रीजनल कॉन्फ्रेंस (वीजीआरसी) का आयोजन 8 और 9 जनवरी 2026 को राजकोट में होने जा रहा है। स्थानीय उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने के उद्देश्य के साथ यह सम्मेलन व्यापक बाजार पहचान, रणनीतिक सहयोग और नई साझेदारियों को प्रोत्साहित करने का सशक्त मंच प्रदान करेगा। कॉन्फ्रेंस में कृषि, खनन, पर्यटन और औद्योगिक विकास जैसे प्रमुख विषयों पर केंद्रित सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, प्रतिभागियों के लिए एमएसएमई कॉन्क्लेव, रिवर्स बायरझ्रसेलर मीट, प्रदर्शनी और ट्रेड फेयर जैसी गतिविधियाँ भी होंगी, जो निवेश, नेटवर्किंग और व्यवसायिक अवसरों को विस्तार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। साथ ही दिसंबर 2025 के दौरान अमरेली, भावनगर, बोटाद, देवभूमि द्वारका, गिर-सोमनाथ, जामनगर, जूनागढ़, कच्छ, मोरबी, पोरबंदर और सुरेंद्रनगर जिलों में जिला-स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य स्थानीय क्षमताओं, अवसरों और पहलों को नए स्तर पर प्रसारित करना है। आगामी 8झ्र9 जनवरी 2026 को राजकोट में आयोजित होने वाला द्वितीय वाइब्रेंट रीजनल कॉन्फ्रेंस सौराष्ट्र और कच्छ दोनों क्षेत्रों की क्षेत्रीय आकांक्षाओं को नई गति देगा। कच्छ और सौराष्ट्र अपनी भौगोलिक विविधता, समृद्ध प्राकृतिक विरासत और जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं के लिए विशेष पहचान रखते हैं, जहाँ पारंपरिक मूल्यों और आधुनिक आर्थिक प्रगति का संतुलित मेल देखने को मिलता है।यह क्षेत्र अपने समुद्री इतिहास और कांडला व मुंद्रा जैसे महत्वपूर्ण बंदरगाहों के कारण देश के प्रमुख लॉजिस्टिक्स, व्यापार और ग्रीन शिपिंग केंद्रों में से एक है। पेट्रोकेमिकल्स, सेरामिक्स और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में यह प्रदेश अग्रणी रहा है, जिसे अत्याधुनिक अवसंरचना और नवाचार-प्रधान नीतियों का मजबूत सहयोग प्राप्त है। साथ ही, आध्यात्मिक एवं विरासत पर्यटन सर्किट यहां परंपरा और व्यवसाय-उन्मुख गतिविधियों के बीच एक अनूठा और संतुलित समन्वय स्थापित करते हैं।

### वाराणसी के अस्सी घाट पर 4500 वर्ग फीट भूमि को नगर निगम ने कराया कब्जा मुक्त

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी नगर निगम ने अपनी कीमती जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने अस्सी घाट पर अपनी अतिक्रमित 4500 वर्ग फीट भूमि को शनिवार देर रात में अतिक्रमण मुक्त कराते हुए कब्जा प्राप्त कर लिया। बाजार दर के अनुसार इस भूमि की कीमत लगभग 6.50 करोड़ रुपये बताई जा रही है। नगर निगम की यह भूमि ठीक अस्सी घाट पर स्थित है। नगर निगम के जनसम्पर्क कार्यालय के अनुसार, इस भूमि पर विगत कई वर्षों से लोगों के द्वारा अवैध कब्जा कर दुकानें संचालित की जा रही थीं। नगर निगम टीम ने भूमि की पैमाइश कराई। इसके बाद सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव के नेतृत्व में देर रात तक अतिक्रमण हटाने और कब्जा लेने की कार्यवाही की गयी। साथ ही भूमि पर कब्जे के साथ ही पीलर लगाकर बैरेकेटिंग भी करायी गयी।

### मीडिया जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य करता हैः मुख्यमंत्री

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कहा कि समाज को सही दिशा देने और सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचने में मीडिया की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मीडिया अपने कर्तव्य और कार्यों से एक विकसित समाज का निर्माण कर सकता है।

## झारखंड से दिल्ली तक मनाया जा रहा है राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष का जश्न



**विनय मिश्रा**

**नई दिल्ली:** प्रगति मैदान में जारी 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में शनिवार का दिन पूरी तरह झारखण्ड पवेलियन के नाम रहा। झारखण्ड प्रदेश की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में झारखंड पवेलियन में खास समारोह आयोजित किया गया, जिसका दर्शकों ने खूब आनंद लिया। साथ ही कार्यालय स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन में भी सभी लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा का माल्यार्पण कर स्थापना दिवस मनाया।

पवेलियन में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया गया पुष्प अर्पितः इस अवसर पर पवेलियन में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया और झारखंड के पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। गौरतलब है कि बिरसा मुंडा 19वीं सदी के एक प्रमुख आदिवासी जननायक रहे। उनका जन्म 15 नवंबर को झारखण्ड के खूँटी में हुआ था। उनके नेतृत्व में मुंडाओं के महान आंदोलन 'उलगुलान' को अंजाम दिया गया। झारखंड में बिरसा मुंडा को भगवन के रूप में पूजा जाता हैं। उन्होंने मुंडा लोगों को अंग्रेजों से मुक्ति पाने के लिए मुनफ विद्रोह में भी खास भूमिका निभाई थी।

दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मेले में झारखंड स्थापन की खुशियां खुशियां मनाना शानदार अनुभवः इस अवसर पर झारखंड के उद्योग निदेशक विशाल सागर ने कहा कि आज का दिन झारखंड के लिए काफी गर्व का दिन है। आज बिरसा मुंडा जयंती तो है ही, साथ ही वर्ष 2000 में आज ही के दिन झारखण्ड एक नए प्रदेश के रूप में अस्तित्व में आया था। झारखंड प्रदेश के 25 साल पूर्ण होने का जश्न प्रदेश से दिल्ली तक मनाया जा रहा है। हमें व्यापार मेले में इस खुशी को मानते हुए काफी गर्व की अनुभूति हुई। दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मेले में अपनी खुशियां मनाना एक शानदार अनुभव है।

कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक जियाडा वरुण रंजन, कृषि निदेशक झारखंड भोर सिंह यादव अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# झारखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती है ऐतिहासिक

## राज्य के विकास से हर्षित, उत्साहित और गौरवान्वित हैं राज्यवासी





**विनय मिश्रा**

15 नवंबर अर्थात झारखंड के लिए गौरव और उपलब्धियों से भरा दिन।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विकास कार्यों से झारखंड को ऐतिहासिक धरोहर के साथ -साथ विकास कार्यों से जबरदस्त पहचान और सफलता दिलाई है। झारखंड के 24 जिलों में विकास गति और जनमानस की सुधि अपने आप में उपलब्धि भरा रहा है। 2019 से लेकर 24 तक हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री के रूप में बेहतर कार्य कर जनता का विश्वास जीता और इसी का परिणाम रहा कि 2024 में पुनः अपने सहयोगी दलों के साथ प्रचंड मतों से सत्ता पर काबिज हुए। झारखंड के गौरव पूर्ण 25 वर्ष पूरे करने के साथ साथ सरकार के भी एक वर्ष एक सप्ताह पश्चात नवंबर में ही पूर्ण कर रहे हैं। झारखंड की महिलाओं को मंईया योजना देकर उन्हें उत्साहित और प्रोत्साहित किया। झारखंड में कई फ्लाईओवरों का निर्माण कर जनमानस को सुविधा पहुंचाई। उद्योग विभाग हो या अन्य विभाग सभी ने अपने विभाग अधीन कार्यों से उत्कृष्ट और सशक्त पहचान बनाई। वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने बेहतर कार्य और निर्णय से झारखंड को बेहतर विकास गति प्रदान की है। झारखंड के 25 वर्षों के इतिहास में पहली बार तदाशा मिश्रा को पहली महिला डीजीपी बनने का गौरव प्रदान हुआ। 15 नवंबर 2000 को झारखंड सरकार बना और पहले राज्यपाल प्रभात कुमार, पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, झारखंड उच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश विनोद कुमार गुप्ता,मुख्य सचिव विजय शंकर दूबे, डीजीपी शिवाजी महान कैरे ।



## सड़क हादसे में तीन बाइक सवार नाबालिग युवक घायल

**चतरा:** चतरा-डोभी मुख्य पथ पर चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नागर पेट्रोल पंप के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार तीन नाबालिक युवक घायल हो गए। उनकी बाइक को एक अज्ञात स्कॉर्पियो ने चकमा दी थी जिससे बाइक का डिक्की स्कॉर्पियो में टक्करा गई थी । सभी घायलों को हंटरगंज थाना पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी हंटरगंज में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की पैर दो जगह टूट जाने के वजह से गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के काशीकेवाल निवासी रामोतार यादव के 15 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार, त्रिवेणी यादव के 16 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार, और इसी गांव के जय कुमार भारती के 15 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार हैं। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक पेट्रोल भरवाने अपने बाइक से नागर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप जा रहे थे। इसी दौरान नागर पेट्रोल पंप के समीप दौरान तेज रफ्तार से जा रही एक स्कॉर्पियो ने चकमा दे दिया जिससे बाइक चालक नियंत्रण खो दिया जिसके वजह से पीछे बैठे बाइक सवार युवक का पैर स्कॉर्पियो से टकरा गया, जिससे अनियंत्रित बाइक सीधे सड़क से उतर गया और तीनों युवक सड़क पर गिर गए । हादसे में बाइक सवार तीनों नाबालिक युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। तत्काल स्थानीय लोगों ने हंटरगंज थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और एंबुलेंस से तीनों घायलों को सीएचसी हंटरगंज पहुंचाया। इसमें रौशन को गंभीर चोट के कारण गया रेफर कर दिया गया।

## अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन ,13



**चतरा:** जिले के वशिष्ठ नगर जोरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निदेर्शानुसार शुक्रवार को सलैया पंचायत के ब्राइट फ्यूचर एकेडमी सलैया में अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस के शुभ अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर का उद्घाटन पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता एवं अक्षय कुमार, अजय कुमार, सुधीर कुमार मिश्रा, मनीष कुमार ने किया। बाल दिवस पर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई एवं स्वच्छ स्वच्छता एवं एवं बाल विवाह ,बाल मजदूर, बाल अधिकार, पर भी बच्चों को बताया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार उपाध्याय एवं शिक्षक आशीष कुमार, शिक्षिका बबीता कुमारी इंदु कुमारी व अन्य मौजूद थे।

## धूमधाम से मना राज्य स्थापना दिवस व बिरसा मुंडा जयंती



**चतरा:** स्थानीय मुख्यालय क्षेत्र रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा में शनिवार को झारखंड स्थापना दिवस सह बिरसा मुंडा जयंती धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह,वरिष्ठ आचार्य शंभू नाथ मिश्र, अजय कुमार, मनोज कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात विद्यालय के आचार्य पंकज कुमार ने भूमिका प्रस्तुत किया जिन्होंने बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं विद्यालय के आचार्य मनोज कुमार ने बताया कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की अवस्था में अंग्रेजी हुकूमत को हिला कर रखा था।उस समय उनको पकड़ने लिए 500 का इनाम रखा था। भगवान बिरसा ने अपने समुदाय के लोगों को संगठित किया और जल जंगल और जमीन हमारा अपना है यह बाहरी दिक्कू कहां से आ गए? ऐसे नारा दिया।

### झारखंड स्थापना के 25 वर्ष

## बिरसा जयंती पर क्विज प्रतियोगिता सह शोभा यात्रा का आयोजन



**चतरा:** झारखंड स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के तथा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, चतरा नगर इकाई द्वारा आज एक भव्य क्विज प्रतियोगिता सह शोभा यात्रा का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया।कार्यक्रम में शुभ्रा कोचिंग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने ज्ञान, व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता एवं सांस्कृतिक समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को झारखंड की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक धरोहर, सामाजिक परिवेश तथा स्वतंत्रता संग्राम में धरती आबा बिरसा मुंडा के संघर्ष एवं योगदान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन अनिमेष पांडे द्वारा अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया गया। क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार (प्राइज) प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों में उत्साह और बढ़ा। इसके उपरांत शुभ्रा कोचिंग से एक अनुशासित एवं संदेशपरक शोभा यात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व नगर मंत्री अनुराग कुमार आर्य ने किया। शोभायात्रा के माध्यम से अभाविप कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने झारखंड की समृद्ध विरासत,युवा शक्ति ,शिक्षा का महत्व,संस्कृति और पहचान जैसे विविध संदेशों को जन-जन तक पहुँचाया। यह आयोजन राज्य के 25 वर्षों की विकास यात्रा, पहचान, आत्मसम्मान और गौरव को समर्पित रहा। कार्यक्रम में शुभ्रा कोचिंग के निदेशक गोपाल कुमार वर्मा एवं शिक्षक रवि सर की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरी टीम को मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में अभाविप चतरा नगर इकाई ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों, मार्गदर्शकों एवं शुभ्रा कोचिंग परिवार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह संकल्प लिया कि वह भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक, शैक्षणिक एवं राष्ट्रहित से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा।

## चतरा सदर अस्पताल में राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम



**चतरा:** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल चतरा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने बताया कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए आवश्यक सामग्री और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वे अपने दायित्वों को और बेहतर ढंग से निभा सकें।डॉ. प्रसाद ने जानकारी दी कि टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) मरीजों के लिए विशेष रूप से फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया है, जिससे मरीजों का पोषण स्तर सुधरेगा और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आम नागरिकों का भरोसा भी बढ़ेगा।इसी क्रम में उन्होंने घोषणा की कि आज से जिले में न्यू बोर्न सेफ्टी अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान एक सप्ताह तक चलेगा, जिसके तहत नवजात शिशुओं की सुरक्षा, संक्रमण से बचाव और देखभाल से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कर्मियों को आवश्यकदिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। इससे पहले एक विशेष बैठक कर सभी स्टाफ को अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से पालन करने का निर्देश भी दिया गया।

# झारखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर भव्य समापन समारोह

## ▸ पांच दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शानदार समापन ▸ हजारों की संख्या में आमजन बने साक्षी

**संवाददाता**

**चतरा:** झारखंड राज्य की स्थापना के 25वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में चतरा जिले में 11 नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला का शानदार समापन शनिवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में हुआ। हजारों की उपस्थिति में संपन्न इस समारोह में जनभागीदारी, उत्साह और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने इसे जिले के इतिहास का यादगार आयोजन बना दिया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, झारखंड राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त कीर्तिश्री , पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी और उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। मंच पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों– उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम और अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमामय बनाया। जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी भी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने। मुख्य समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने स्वागत गीत, नृत्य, नाटक और गायन की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय इटखोरी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हंटरगंज और लावालौंग, नाजरेथ विद्या निकेतन, जवाहर नवोदय विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या सिंघानी, रा.सं.बा.+2 उच्च विद्यालय चतरा तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय की प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। दर्शक दीर्घा से उठती तालियों की गड़गड़ाहट ने बच्चों के उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया। इसी क्रम में जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा अधिसूचित पर्यटक स्थलों पर आधारित फिल्म और जिला प्रशासन द्वारा विकसित लोकसेतु पोर्टल की सरल प्रक्रियाओं पर निर्मित फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसे आमजन, अतिथियों और जनप्रतिनिधियों ने विशेष रूप से सराहा।कार्यक्रम के दौरान झारखंड आंदोलन के वीर आंदोलनकारियों एवं उनके आश्रितों को झारखंड स्थापना दिवस-2025 पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पांच दिवसीय कार्यक्रमों के दौरान आयोजित रन फॉर झारखंड, साइकिल रैली, चित्रांकन, रंगोली, नृत्य, नाटक, वाल पेंटिंग और अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा पशुपालन, मत्स्य, डेयरी विकास, मिट्टी संरक्षण, श्रम, स्किल



डेवलपमेंट, नगर परिषद, समाज कल्याण, आपूर्ति एवं कल्याण विभाग से जुड़े लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र व परिसंपत्तियों का भी वितरित किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने झारखंड स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 15 नवंबर केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी पहचान, हमारे संघर्ष और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को राज्य स्थापना के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि झारखंड की आत्मा उसकी विविधता, संस्कृति, लोक जीवन और सामूहिक श्रम की परंपरा में बसती है। उपायुक्त ने चतरा जिले की ऐतिहासिक पहचान का उल्लेख करते हुए स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूत नादिर अली खान और जय मंगल पांडेय के योगदान को नमन किया तथा झारखंड निर्माण आंदोलन में सक्रिय रहे चतरा के सभी आंदोलनकारियों का अभिनंदन किया। उन्होंने अपने संबोधन में पिछले वर्षों में जिले में हुए विकास कार्यों का विस्तृत उल्लेख करते हुए कहा कि चतरा जिला केवल एक आकांक्षी जिला भर नहीं, बल्कि राज्य का एक उभरता हुआ प्रगति मॉडल बन चुका है। सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना और सर्वजन पेंशन योजना ने हजारों परिवारों को नई मजबूती दी है, वहीं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना ने बालिकाओं की शिक्षा को नई दिशा प्रदान की है। आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के पुनर्वास और अधिकार सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रखंडों में शिविर लगाकर प्रमाणपत्र, लाभ योजनाएँ और मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जो समावेशी विकास की मिसाल है।उपायुक्त ने शिक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य गठन के समय जिले में 714 विद्यालय संचालित थे, जिनकी संख्या बढ़कर 1569 हो चुकी है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों और झारखंड आवासीय कन्या विद्यालयों में 5430 छात्राएँ शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उच्च शिक्षा के लिए 3 सरकारी कॉलेज और 4 सरकारी आईटीआई तथा सीएम सारथी योजना के माध्यम से युवाओं के लिए व्यापक कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। रोजगार और आजीविका के क्षेत्र में मनरेगा, पीएमईजीपी, जेएसएलपीएस जैसे कार्यक्रमों से हजारों युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया है। जेएसएलपीएस द्वारा संचालित इटखोरी प्रखंड का धनखेरी सीएलएफ देशभर में आत्मनिर्भर संगठन पुरस्कार 2024 में तीसरा स्थान प्राप्त कर चुका है, जो चतरा जिले के सामाजिक-आर्थिक उत्थान का उदाहरण है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए अबुआ स्वास्थ्य योजना के तहत 15 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में अब तक करीब 3 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं और डीएमएफटी द्वारा डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य पदों पर बहाली से स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है।

आधारभूत संरचना और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना और जल जीवन मिशन के माध्यम से हजारों परिवारों को पक्के घर, सड़क और पेयजल की सुविधा प्रदान की गई है। कृषि और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कृषि उद्यम मेला और बायर्स सेलर्स मिट आयोजित कर स्थानीय उत्पादों को बड़े बाजारों से जोड़ा गया है। समारोह में सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि चतरा जिला प्रशासन और राज्य सरकार के प्रयासों से विकास की नई गति प्राप्त कर रहा है और झारखंड स्थापना दिवस हमारे लिए आत्मसम्मान, संघर्ष और संकल्प का प्रतीक है। विधायक जनार्दन पासवान ने जिले के युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और सामुदायिक भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि चतरा की नई पहचान अब शांति, विकास और समृद्धि से जुड़ रही है।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। अंत में उपायुक्त ने समस्त जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा हजारों की संख्या में उपस्थित चतरा वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया और जिले को समावेशी विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत से पूर्व मंचासीन गणमान्य अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने झारखंड के जननायक भगवान बिरसा मुंडा एवं महान संघर्ष-पुरुष शिवू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान और शिवू सोरेन का संघर्ष झारखंड की पहचान, अस्मिता और स्वतंत्रता की चेतना का आधार रहा है।आज का यह कार्यक्रम जनभागीदारी, सांस्कृतिक विविधता और विकास की प्रतिबद्धता का प्रतीक बनकर आयोजित किया गया।